रोहतक
शुक्रवार, 12 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी
वर्ष : 28, अंक : 166
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 39.4
न्यून. 29.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 पीवी सिंधु के स्मैश की रफ्तार जेना के थ्रो का मना जश्न

## अंदर के पन्नों पर


- गुरुग्राम में 269 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास पेज-2
- आरोपी ने गलत आईडी दिखा शराब पी, उम्र छिपाई पेज-7
- आज संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे प्रचंड पेज-8


## खबर संक्षेप

### सिसोदिया मामले में जज सुनवाई से हटे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति संजय कुमार ने आप नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया जिनमें आबकारी नीति घोटाला मामलों में उनकी जमानत पर नए सिरे से विचार होना है। भाषा

### दिल्ली में पीयूसी प्रमाण पत्र के लिए शुल्क बढ़ा

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 13 साल बाद पेट्रोल, सीएनजी और डीजल वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र के लिए शुल्क में वृद्धि की है। दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के पीयूसी प्रमाणपत्र के लिए शुल्क 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए 80 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये किया है। भाषा

### लाहौर हाईकोर्ट को मिली पहली महिला चीफ जस्टिस



**लाहौर।** पाक के लाहौर हाईकोर्ट में आलिया नीलम ने चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। पंजाब प्रांत के न्यायिक इतिहास में ये पहली बार है जब कोई महिला शीर्ष पद पर बैठी है। पाक राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने नियुक्ति की मंजूरी दी। जस्टिस आलिया को पंजाब गर्वनर सरदार सलीम हैदर ने शपथ दिलाई। भाषा

### अमरनाथ यात्रा के लिए 14वां जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से कड़ी सुरक्षा के बीच तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था कश्मीर रवाना हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, 4885 तीर्थयात्री 191 गाड़ियों में सवार होकर कश्मीर के बालटाल और पहलगाम बेस कैंप के लिए सुबह 3 बजकर 6 मिनट पर रवाना हुए। इस जत्थे में 2366 पुरुष, 1086 महिलाएं, 32 बच्चे और 163 साधु शामिल हैं। भाषा

### पूर्व सांसद जयाप्रदा आचार संहिता मामले में बरी



**रामपुर।** रामपुर की अदालत ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व सांसद जयाप्रदा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनको साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। केमरी थाने में 2019 में उनके खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। गुरुवार को जयाप्रदा कोर्ट में पेश हुईं। भाषा

### तबीयत बिगड़ी,राजनाथ सिंह एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार बैक पेन की शिकायत के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी स्थिति बेहतर है। एम्स ने आधिकारिक तौर पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।राजनाथ सिंह कमर में दर्द की वजह से बुधवार देर रात को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे। अभी भी वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। ब्यूरो

## हरियाणा में तीसरी बार इनेलो और बसपा के बीच गठबंधन

# फिर से 'हाथी' के रथ पर सवार इनेलो

**अभय चौटाला होंगे गठबंधन के मुख्यमंत्री प्रत्याशी**

**इनेलो 53 और बसपा 37 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गठबंधन कर लिया है। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने चंडीगढ़ में गठबंधन का ऐलान किया। बसपा हरियाणा की 90 सीटों में से 37 और इनेला 53 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के नेता अभय चौटाला होंगे। इस मौके पर अभय चौटाला ने कहा कि यह गठबंधन स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि जनता की इच्छा के अनुसार होगा। भाजपा और कांग्रेस ने देश को लूटा है। अब इन्हें उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। समझौते की घोषणा के दौरान इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और बसपा हरियाणा प्रभारी रणधीर बैनिवाल सहित दोनों दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दूसरे दल जो भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ है हम उन्हें भी अपने साथ जोड़ेंगे। अभय ने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला और मायावती ने आज तक लोगों से जो भी वादे किए उसे पूरा करके दिखाया है। अब भी सरकार बनने पर सभी वादों को पूरा किया जाएगा।



अभय चौटाला बोले-और किसी दल से गठबंधन होगा तो इनेलो अपने कोटे से सीट देगा। हमारा गठबंधन स्वार्थ के लिए नहीं।

### मायावती दे चुकी मंजूरी

बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने कहा कि 6 जुलाई को दिल्ली में अभय चौटाला के साथ हुई बैठक में मायावती ने गठबंधन की स्वीकृति दे दी थी। विधानसभा की 90 सीटों में से 37 पर बीएसपी और 53 पर इनेलो चुनाव लड़ेंगी। आकाश ने ऐलान किया कि इनेलो-बीएसपी प्रदेश में सरकार बनाएगा और अभय चौटाला मुख्यमंत्री होंगे। हरियाणा में गठबंधन की सरकार बनने पर स्वर्गीय कांशीराम का सपना पूरा होगा और आरक्षण का कोटा भी पूरा किया जाएगा।

### कांग्रेस-भाजपा पर हमला

अभय ने भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि एक नाटक चल रहा है। भूपेंद्र हुड्डा और जेजेपी दोनों मिलकर लोगों का बेवकूफ बना रहे हैं। कांग्रेस और जेजेपी एक दूसरे पर बात डाल रहे हैं, जबकि दोनों के साथ उनके ही एमएलए नहीं हैं। दोनों अपने एमएलए ले आएं। मैं अपना वोट उनको दिखा कर दूंगा। हुड्डा बीजेपी से मिले हुए हैं और सुभाष चंद्रा को राज्यसभा का सांसद बनाने के लिए स्याही कांड किया था।

### गठबंधन के घोषणापत्र में ये ऐलान

- नौकरियों में एससी/एसटी के लंबित बैकलॉग को तुरंत भरेंगे।
- कांग्रेस-बीजेपी ने जो कोटा खत्म किया था उसे वापस दिया जाएगा।
- एससी/एसटी वर्ग को 100 गज के प्लॉट पर ताऊ देवीलाल आवास योजना के तहत मकान बनाकर देंगे।
- एससी/एसटी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग देंगे।
- एससी और पिछड़े वर्ग के छात्रों को ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।
- एमबीबीएस में दाखिले के लिए जो बांड भरवाए जा रहे हैं उसे खत्म करेंगे।
- अग्निवीर योजना खत्म करने व एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए प्रतिबद्ध।
- प्रॉपर्टी आईडी व पीपीपी को खत्म करके राशन कार्ड को मान्यता देंगे।
- कौशल रोजगार निगम को खत्म करेंगे व जगह स्थाई नौकरियां निकालेंगे।
- प्रदेश में इसे 7500 प्रति माह बुढ़ापा पेंशन देंगे।
- 21000 रुपये बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।
- ऐसी व्यवस्था करेंगे किसी का बिजली बिल 500 से ज्यादा न आए।
- जर्मन टेक्नोलॉजी से पीने का साफ पानी मुफ्त देंगे।

*यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गठबंधन को लेकर एक्स पर लिखा कि बसपा व इनेलो हरियाणा में जनविरोधी पार्टियों को हराकर गठबंधन की सरकार बनाएंगी। गठबंधन की घोषणा मेरे आशीर्वाद के साथ चंडीगढ़ में की गई है।*



# सोनीपत के मेयर मदान भाजपा में शामिल हुए

**150 से अधिक लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

**मनोहर बोले-प्रदेश में तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस को एक और बड़ा झटका दिया है। दरअसल, सोनीपत नगर निगम के मेयर निखिल मदान ने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय शहरी आवास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर सीएम के पब्लिसिटी एडवाइजर तरुण भंडारी, सोनीपत के भाजपा जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा, कई नगर पार्षद, सरपंच व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सिंह सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का कार्यकाल बेहतरीन कार्यों और उपलब्धियों से भरा सफर है। प्रदेश में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचेगी।

### ऊर्जा मंत्री मनोहर बोले भाजपा और मजबूत होगी

ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब से निखिल से बातचीत हुई है तब से चर्चा करते रहे कि भाजपा में कुछ तो विशेष है, जो उन्हें पार्टी की ओर खींच रहा है। आज निखिल पार्टी में शामिल हो गए हैं। निखिल के साथ 150 से अधिक स्थानीय नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। इससे भाजपा को और मजबूत मिलेगी।

### बहुमत के साथ बनाएंगे सरकारः बड़ौली

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मदान व उनके समर्थक भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़े परिवार में शामिल हुए हैं। भाजपा बहुमत की सरकार नायब सैनी के नेतृत्व में बनाएगी।

### मेरे लिए गौरव का क्षण : मदान

सोनीपत के मेयर निखिल मदान ने कहा कि मेरे लिए बड़ा ही गौरव का क्षण है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे सदस्यता दिलाई है। पार्टी जो भी जिम्मेवारी लगाएगी, उसे 100 प्रतिशत पूरा किया जाएगा।

# पूर्व अग्निवीरों को सीआईएसएफ बीएसएफ में 10 फीसदी आरक्षण

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रमुखों ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्णय के अनुरूप उनके बलों में कांस्टेबल के 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगे। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ में उनके नितिन अग्रवाल ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब थलसेना,

**सीआईएसएफ और बीएसएफ प्रमुख ने किया ऐलान**

नौसेना और वायु सेना में कर्मियों की अल्पकालिक भर्ती के लिए 'अग्निपथ भर्ती योजना' पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। सिंह ने कहा, 'केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अनुरूप सीआईएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया तैयार कर रहा है।'

### आयु में भी छूट मिलेगी

सीआईएसएफ डीजी नीना सिंह ने कहा, भविष्य में कांस्टेबल पद पर सभी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित रहेंगी। 'शारीरिक परीक्षा में भी छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में आयु में छूट पांच वर्ष की होगी और उसके बाद के वर्ष में आयु में छूट तीन वर्ष की होगी।'

### बीएसएफ के लिए अच्छा

बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा, 'अग्निवीर योजना से जवानों को 4 साल का अनुभव मिला है। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित हो चुके हैं। ये बीएसएफ के लिए बहुत अच्छा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दिया समय**

# नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 तक टली

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई बृहस्पतिवार को 18 जुलाई तक टाल दी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी के आयोजन में अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद करने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत ने कुछ याचिकाकर्ताओं को मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से दाखिल हलफनामों की प्रति नहीं मिल पाने के मद्देनजर यह कदम उठाया। कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए के हलफनामे पर याचिकाकर्ताओं को जवाब देने के लिए समय दिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि कुछ याचिककर्ताओं की पैरवी कर रहे वकीलों को केंद्र और एनटीए की ओर से बुधवार को अलग-अलग दाखिल किए गए हलफनामों की प्रति अभी तक नहीं मिली है। इसलिए अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।



केंद्र और एनटीए के हलफनामे पर पक्ष रखें
●
अब तक सात राज्यों से 42 गिरफ्तार

### नीट पेपर लीक केस में रॉकी बिहार से गिरफ्तार

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को रॉकी उर्फ राकेश को बिहार से गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, रॉकी ने ही नीट का पेपर लीक होने के बाद उसे हल कराकर आरोपित चिंटू के मोबाइल पर भेजा था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सुबह इसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट ने सीबीआई को रॉकी की 10 दिन की रिमांड दी है। इसकी गिरफ्तारी कहां से कब हुई, इसकी जानकारी जांच एजेंसी ने अब तक नहीं दी है। नीट पेपर लीक मामले में अब तक 11 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# आंध्र प्रदेश में तीसरी कक्षा की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या

- सभी आरोपित उसी के स्कूल में छठी-7वीं के छात्र
- सबूत मिटाने के लिए नहर में फेंका बच्ची का शव
- दो आरोपितों की उम्र 15 साल, एक की 12 साल

एजेंसी ▸▸ नंदयाला

आंध्र प्रदेश के नांदयाल जिले में तीसरी क्लास में पढ़ने वाली बच्ची से गैंगरेप और मर्डर का मामला सामने आया है। पुलिस ने बच्ची के स्कूल के तीन नाबालिग छात्रों को आरोपित बनाया है। छात्रों ने गैंगरेप के बाद बच्ची की हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया। शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है। बच्ची की उम्र 8 साल थी। वहीं, आरोपित दो आरोपितों की उम्र 15 साल है, दोनों 7वीं कक्षा में पढ़ते हैं, जबकि तीसरे आरोपी की उम्र 12 साल है। वह छठी कक्षा का छात्र है। तीनों लड़की के स्कूल के ही छात्र बताएं जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, सभी मचुमर्री गांव के रहने वाले हैं और एक-दूसरे को जानते हैं। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। घटना के वक्त बच्ची पगडियाला स्थित एक पार्क में खेल रही थी। इसी दौरान आरोपित छात्र उसे खेलने के बहाने सुनसान जगह ले गए और वारदात को अंजाम दिया। बच्ची घटना के बारे में अपने माता-पिता को न बता दे, इस डर से उसकी हत्या कर दी और शव को पास की नहर में फेंककर मौके से भाग निकले।

## हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक आज, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिपरिषद एक अहम बैठक शुक्रवार को चंडीगढ़ में होगी। इस बैठक में आठ एजेंडे रखे जा सकते हैं। इसमें हरियाणा अर्चक पुजारी और अन्य नियुक्त धार्मिक पेशेवर कल्याण बोर्ड (एचएपीडब्ल्यूबी) को मंजूरी दिए जाने की संभावना है। इसकी मंजूरी के बाद बोर्ड हरियाणा के सभी धर्म गुरुओं की की मौजूदा आर्थिक स्थिति, उनके जीवनयापन की लागत का विश्लेषण करेगा। उसके बाद बोर्ड धर्म गुरुओं को सरकारी कर्मियों की तरह एक निश्चित वेतन देने की सिफारिश कर सकता है। जींद की उचाना तहसील से गांव बडनपुर व सुंदरपुरा को बाहर निकालकर तहसील नरवाना में शामिल करने, पंजाबी सभा कुरुक्षेत्र को धर्मशाला बनाने के लिए राजकीय पशुचिकित्सालय थानेसर की 1951 वर्ग गज भूमि को कलेक्टर रेट पर देने का फैसला लिया जा सकता है।

**एचएपीडब्ल्यूबी को मिल सकती है मंजूरी**

**नसीहत** हाईकोर्ट बोला-पुलिस बच्चों के घर लौटने का इंतजार न करे

*पुलिस सही ढंग से काम करेगी तो पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा शिकायत दर्ज होते ही पुलिस को एक्शन लेना चाहिए*

# बच्चों के गुमशुदगी केस में पहले 24 घंटे की कार्रवाई महत्वपूर्ण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि लापता व्यक्ति या बच्चों का पता लगाने के लिए पहले 24 घंटे का वक्त काफी महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस को इस बात के इंतजार में नहीं बैठना चाहिए कि लापता व्यक्ति 24 घंटे के भीतर घर वापस लौट आएगा। इस दौरान यदि पुलिस सही ढंग से काम करती है तो पॉजिटिव रिजल्ट मिलने की संभावना बढ़ सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की बेंच ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का हवाला देते हुए निर्देश दिया कि सभी पुलिस स्टेशन यह सुनिश्चित करेंगे कि लापता बच्चों या व्यक्ति के मामले में जांच शुरू करने के लिए 24 घंटे का इंतजार न किया जाए। कोर्ट ने एक हफ्ते के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी।



### जल्द जांच सुनिश्चित करें कमिश्नर

इससे पहले 9 जुलाई को हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को आदेश देते हुए कहा था कि वे सभी पुलिस स्टेशन में सुनिश्चित करें कि लापता मामलों में 24 घंटे का इंतजार पूरी तरह से अनावश्यक है। जब भी ऐसे मामलों की शिकायत दर्ज की जाती है तो तुरंत छानबीन शुरू की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस के वकील की दलील सुनने के बाद केस को क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में ट्रांसफर कर दिया है। एसीपी रैंक के अधिकारी के सुपरविजन में मामले की जांच होगी।

### फरवरी 2024 से लापता नाबालिग

मामला फरवरी 2024 का है। इसमें नांगलोई थाने की पुलिस को एक नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना दी गई थी। पुलिस ने परिजन से 24 घंटे इंतजार करने की बात कही थी। इसके बाद मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसी मामले में नाबालिग के पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में हेबियस कॉर्पस रिट दायर की थी।



## खबर संक्षेप

### शशि वसुंधरा की सेवाएं चंडीगढ़ प्रशासन को सौंपी

**चंडीगढ़।** सरकार ने एचसीएस अधिकारी सुश्री शशि वसुंधरा की सेवाएं चंडीगढ़ प्रशासन को सौंप दी हैं। सुश्री वसुंधरा इस समय डीटीओ-कम- सेक्रेटरी, आरटीए पलवल के पद पर कार्यरत हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा आज इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है।

### कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही सरकार : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के मौजूदा हालातों को चिंताजनक बताया है और इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून और प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से विफल है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बुधवार को हांसी में जेजेपी नेता रविंद्र सैनी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई और अब तक एक भी आरोपी पुलिस द्वारा नहीं पकड़ा गया है। इसी तरह प्रदेश भर में अपराधों की कई घटनाएं हो चुकी है।

### वैदिक गणित पर 10 दिन के ब्रिज कोर्स का आयोजन

**चंडीगढ़।** वैदिक गणित के माध्यम से छात्रों के गणितीय कौशल को बढ़ाने के लिए मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ में गणित के स्नातकोत्तर विभाग ने 'मैथ मैजिकः वेयर इमेजिनेशन मीट्स कैलकुलेशन' शीर्षक से 10 दिवसीय ऑनलाइन ब्रिज कोर्स आयोजित किया। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके गणितीय कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

### व्यापार मंडल ने बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई

**चंडीगढ़।** हरियाणा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता ने बयान में कहा कि हरियाणा में भय और आतंक का वातावरण है व्यापारी अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित है आए दिन प्रदेश के अंदर चोरी ,डकैती ,लूटपाट और फिरौती की आम घटनाएं घट रही थी लेकिन पिछले दिनों बदमाशों के हौसले इस कदर बड़े की सरेआम दिनदहाड़े व्यापारियों का गोली मारकर कत्ल कर दिया जाता है और बदमाश खुलेआम फरार हो जाते हैं। पुलिस प्रशासन और सरकार मूकदर्शक बनकर देखती रहती है।

### एलटीसी में गोलमाल के आरोप, मंत्री से शिकायत

**चंडीगढ़।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की एलटीसी को लेकर होने वाली परेशानी और गलत तरीके से एलटीसी बनाकर मामलों को लटकाने, उन पर आपत्ति लगाने के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिक्षक नेताओं ने इस बारे में शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग के अफसरों को शिकायत भेजी है। शिकायत में कैथल भाना का जिक्र किया गया है। आरोप है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना कैथल की प्रिंसिपल ने जानबूझकर कुछ खास अध्यापकों के एलटीसी के बिल फाइनेंस डिपार्टमेंट से मंजूर हुए थे उनसे भी ज्यादा बनाकर मंजूर करवा दिए।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर बनाई जाएंगी सर्विस लेन

## मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में 269 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

■ चंदू बुढेड़ा में बनाया जाएगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मानेसर में स्वामित्व पत्र वितरण और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री वितरण समारोह में गुरुग्राम जिला के विकास के लिए 269 करोड़ रुपये की 37 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 13.76 करोड़ की 12 परियोजनाओं के उद्घाटन किए गए तथा 255.17 करोड़ रुपये की 25 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने 99.50 करोड़ रुपये की लागत की द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर की सर्विस लेन की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मौजूदा सरकार के शासनकाल में वर्ष 2014 के बाद गुरुग्राम जिला में सर्वाधिक विकास कार्य करवाए हैं।

जिन परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया, उनमें सोहना उपमंडल में 57 लाख रुपये की लागत से बीपीडीएस से इसाकी गांव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण, एक करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से इसाकी से रानीका सिंघोला तक सड़क का पुननिर्माण, 38 लाख रुपये की लागत से जीए रोड से धुनेला व बेरका तक की सड़क, 58 लाख रुपये की लागत से जीए रोड़ से घामडोज तक की सड़क, 43 लाख रुपये की लागत से पीएसआर रोड़ से हीलालपुर तक की सड़क, दो करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से पीएसआर रोड से कुंठपुरी व भोगपुर तक की सड़क का सुदृढ़ीकरण शामिल है।



**गुरुग्राम।** विकास कार्यों का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### सर्विस लेन बनाने पर 99.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे

समारोह में मुख्यमंत्री ने 25 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें 99.50 करोड़ रुपये की लागत की द्वारका एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर की सर्विस लेन, 13.10 करोड़ रुपये की लागत की आईएमटी मानेसर से पटौदी रोड तक जीएमडीए के मास्टर रोड का होने वाला निर्माण कार्य, चंदू बुढेड़ा में 61.95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सेक्टर-16 गुरुग्राम में बूस्टिंग स्टेशन का 14.75 करोड़ रुपये की लागत से किया जाने वाला अपग्रेडेशन कार्य, गुरुग्राम सेक्टर-58 से 76 व बहरामपुर एसटीपी तक 28.45 करोड़ रुपये की लागत से मास्टर सीवरेज लाइनों का किया जाने वाला निर्माण कार्य व सुधारीकरण शामिल है। सोहना उपमंडल में लोहसिंघानी गांव से चमनपुरा तक 28 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क, 33 लाख रुपये की लागत से बीपीडीएस से नुनहेरा तक के बनने वाले मार्ग, 19 लाख रुपये की लागत से बीपीडीएस से मंडावर तक सडक का सुदृढ़ीकरण व अन्य विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

## मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल को सम्मानित किया



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह से गुरुवार को में टी-20 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे क्रिकेट खिलाड़ी युजवेंद्र चहल ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खिलाडी को टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने यहां गुरुग्राम में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्रिकेट खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देकर तथा सम्मान सूचक शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को मेडल भी पहनाया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसी प्रकार से देश-विदेश में हरियाणा का नाम रोशन करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरालंपिक के खिलाडियों व अन्य खिलाड़ियों के लिए जल्द अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया जाएगा

### पशु कल्याण के लिए 'द एनिमल केयर आर्गेनाइजेशन' 100 करोड़ रुपये खर्च करेगा, सरकार से एमओयू

**गुरुग्राम।** प्रदेश में पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तहत द एनिमल केयर आर्गेनाइजेशन (टाको) ने आज हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से 100 करोड़ की राशि लगाने की पेशकश की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन के तहत, टाको गुरुग्राम में सरकारी पशु चिकित्सालय को 24X7 मल्टीस्पेशलिटी पशु अस्पताल में अपग्रेड करेगा और हरियाणा में अत्यंत गंभीर बीमारियों से ग्रस्त पशुओं के लिए पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) इकाई, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रशिक्षण केंद्र और आश्रय का निर्माण शुरू करेगा।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 180 दिनांक 09.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना PGIMS जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान बारे -**

**नाम** - बबली
**पिता/पति का नाम**- पुत्री रामचन्द्र
**पता** - गांव जेवली जिला चरखी दादरी
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4. ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा हष्ट पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ पर प्लास्टर चढ़ा हुआ, काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - हरे रंग का सूट सलवार व हरा दुप्टटा पहने हुए है व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 09.07.24 को PGIMS रोहतक से बबली पुत्री रामचन्द्र निवासी गांव जेवली जिला चरखी दादरी इलाज के लिए PGIMS रोहतक में अपने परिजनो के साथ आई हुई थी। जो बिना किसी को बताए PGIMS रोहतक कैम्पस से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पी जी आई एम एस रोहतक- 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी जी आई एम एस रोहतक- 9416481802

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

जी.डी संख्या 25 दिनांक 04.07.24 धारा 194 BNSS 2023 थाना सदर जिला रोहतक ।



**अदमशिनाख्त नाश (औरत) की पहचान बारे**


**नाम** - ना मालूम
**पिता/पति का नाम** - ना मालूम
**पता** - ना मालूम
**उम्र**- करीब 25-26 वर्ष
**कद**- करीब 4 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, सिर पर काले लम्बे बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - हल्के तोतिया हरे रंग का सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 04.07.24 को एक नाम पता नामालूम नाश औरत उम्र करीब 25-26 वर्ष गांव खिडवाली नजदीक ड्रैन नम्बर 08 में पानी में मिली है। जो अज्ञात कारणो से मृत्यु होनी ब्यान हुई है। जिसको बाद पोस्टमार्टम 72 घण्टे के लिए मोर्चरी PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। नाश के परिजनो बारे अभी तक कोई पहचान नही हो पाई है। जिसका हुलिया व पहनावा ऊपर दर्शाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9466665457

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

जी.डी संख्या 11 दिनांक 09.07.24 धारा 194 BNSS 2023 थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।



**अदमशिनाख्त नाश (पुरुष) की पहचान बारे**

**नाम** -ना मालूम पिता/पति का नाम- ना मालूम
**पता**- ना मालूम
**उम्र** -करीब 35-40 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- बाएं हाथ की बाजू पर सुरमा से हनुमान टैटू छपा हुआ काले बाल।
**पहनावा** - मेहरुम रंग का अन्डवियर पहने हुए जिस पर अग्रेजी में US ARMY WITH BLUE TAG, बाई ओर IZMIJZALNIN लिखा हुआ व बाकी शरीर से नग्न अवस्था में।

दिनांक 04.07.24 को एक नाम पता नामालूम नाश पुरुष उम्र करीब 35-40 वर्ष JLN नहर नजदीक दिल्ली बाई पास रोहतक में गली सडी व फूली हुई अवस्था में मिली है। जो पानी में डूबने या अज्ञात कारणों से मृत्यु होनी ब्यान हुई है। जिसको बाद पोस्टमार्टम 72 घण्टे के लिए मोर्चरी PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। नाश के परिजनों बारे अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। जिसका हुलिया व पहनावा ऊपर दर्शाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 9817205683

पीआरडीएच-1084/11/2516/2025/27694/88/6 दि. 11.07.24


# कांग्रेस की प्रदेश सरकार के खिलाफ 15 सवालों की चार्जशीट



■ 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत घर-घर चार्जशीट पहुंचाएगी कांग्रेस

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की ओर से प्रदेश भाजपा सरकार के खिलाफ 15 सवालों की चार्जशीट जारी की गई है। चार्जशीट और कांग्रेस की घोषणाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' नाम से नए अभियान की शुरुआत कर दी है। प्रकोष्ठों के प्रमुख समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता करके चार्जशीट को जारी कर इस अभियान को लॉन्च किया। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह, अशोक अरोड़ा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सतपाल ब्रह्मचारी, वरुण मुलाना और विधानसभा में कांग्रेस के उप-नेता आफताब अहमद, पार्टी विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और पार्टी इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि अब तक कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, घर-घर कांग्रेस, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान, जन मिलन समारोह और धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन समेत जितने भी कार्यक्रम किए हैं, उन सभी को जनता का जबरदस्त समर्थन हासिल हुआ है। इसी कड़ी में अब 'हरियाणा मांगे हिसाब' एक नई शुरुआत है।

## उदयभान बोले, बीरेंद्र अब मार्गदर्शन मंडल में बीरेंद्र का पलटवार, मैं सक्रिय राजनीति में

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी को बॉय-बॉय कर अपने बेटे सहित घर वापसी कर चुके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान नेता विपक्ष व पूर्व सीएम के साथ में अगली पंक्ति में बैठे हुए थे। बीरेंद्र सिंह का जब बोलने का नंबर आया, तो वे जजपा नेताओं और पूर्व उपमुख्यमंत्री पर जमकर बरसे साथ ही कहा कि इन लोगों ने जमकर हर तरह का भ्रष्टाचार किया। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर तंज कसे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान इस दौरान माइक संभाले हुए थे। उन्होंने बीरेंद्र सिंह को कहा कि वे लंबे अनुभव वाले नेता हैं, 40 साल से भी ज्यादा और दस साल भाजपा में रह आएं हैं, वे मार्गदशक मंडल में हैं, इसलिए मार्गदर्शन करें। इस पर चुटकी लेते हुए पीसीसी चीफ पर बीरेंद्र सिंह ने पलटवार किया और कहा कि मार्गदर्शन तो कर सकता हूं लेकिन सक्रिय राजनेता हूं। बीरेंद्र सिंह यहीं पर नहीं रुके जजपा नेताओं और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत पर जमकर बरसे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के बारे में अब वे अच्छी तरह से जान गए हैं, क्योंकि अंदर रहकर आए हैं, इसलिए ज्यादा अच्छी तरह से बता सकते हैं। उन्होंने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि सभी को मिलजुलकर संगठित होकर काम करना होगा क्योंकि प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार लोग बनाना चाहते हैं, भाजपा से तंग हैं, लोकसभा चुनावों ने यह साबित कर दिया है। उन्होंने जमकर भाजपा पर हमले बोले और कहा कि यहां पर भी रिश्वत देने वाला घबराता है, लेकिन लेने वाले नहीं लोग दुखी हैं।

## अस्पतालों में डॉक्टर न होने से मरीज बेहाल : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार का मेडिकल शिक्षा की ओर कोई ध्यान ही नहीं है। इसलिए प्रदेश के 4 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रबंधन से जुड़े बड़े पदों के साथ ही अन्य स्टाफ की कमी बनी हुई है। प्रदेश सरकार अपने वायदे के मुताबिक अभी तक हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलना तो दूर, निर्माण कार्य भी शुरू नहीं करवा पाई है। ऐसे में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने का वायदा हवा-हवाई ही साबित हो रहा है। सैलजा ने कहा कि 2014 में सत्ता हासिल करने वाली भाजपा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में 10 साल बाद भी खाली हाथ ही है। रोहतक स्थित मेडिकल कॉलेज के अलावा एक भी मेडिकल कॉलेज ऐसा नहीं है, जहां सभी महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई तैनाती की गई हो।

## स्कूलों को बकाए का भुगतान करे सरकार



**चंडीगढ़।** निसा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने प्राइवेट स्कूलों की 20 सूत्रीय मांगों को हल करने के लिए एक मांग पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा भेज मांग की है कि प्राईवेट स्कूल पिछले 10 सालों से भाजपा सरकार द्वारा घोषणा पत्र में प्राइवेट स्कूलों के बारे में किए गए वादे को पूरा करने की आस कर रहे है और 10 वर्षो से तकलीफ के दौर से गुजर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि प्राइवेट स्कूलों का कानून अनुसार खरबों रुपया 134-A का लंबित पड़ा हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री ऊर्जा मंत्री मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) कार्यक्रम के 8 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 13 जुलाई को विशेष समारोह का आयोजन सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में किया जाएगा। इसमें केंद्रीय ऊर्जा मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सीएमजीजीए के परियोजना निदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में 22 सहयोगी, जिन्होंने पिछले 15 महीनों से राज्य में काम किया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | दिनांक 18.07.2024 को (यमुनानगर) 05 वर्ष हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एसई/एम एंड पी सर्कल, यूएचबीवीएन, धुलकोटे के कार्यालय में 01 अदद वाहन की आपूर्ति की आवश्यकता। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 6000/- प्रति वाहन बैंक डी.डी./बीए-16 के रूप में केवल | www.uhbvn.org.in NIT-06/M&P/YNR/2024-25 | 9354726625 |
| 2 | यूएचबीवीएन | एसडीओ सिविल निर्माण एस/डिवीजन, यूएचबीवीएन, रोहतक हेतु वाहनों को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 4.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 11/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन सिविल निर्माण डिवीजन, यूएचबीवीएन, रोहतक हेतु वाहनों को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 4.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 10/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन मॉडल टाउन, रोहतक में स्टोर सहित जेई के कमरे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 15.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 09/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/27699/I/88/6 दि. 11.07.24


## किरण चौधरी की सदस्यता रद करने की मांग खारिज

■ नोटिस देने से खत्म नहीं होती विधायक की सदस्यता विस स्पीकर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने तोशाम से विधायक किरण चौधरी की सदस्यता रद करने संबंधी कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। यह मांग विधान सभा के दल-बदल के आधार पर सदस्यों की अयोग्यता नियम, 1986 की कसौटियों पर खरी नहीं उतरी, जिसके कारण तकनीकी आधार पर इसे निरस्त कर दिया गया। विधान सभा सचिवालय ने वीरवार को संबंध में कांग्रेस नेताओं को अवगत करवा दिया। गौरतलब है कि विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक भारत भूषण बत्रा और विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद की ओर से गत 19 जून को विधायक किरण चौधरी की सदस्यता रद करने की मांग को लेकर विधान सभा अध्यक्ष को नोटिस भेजा गया था। इसके 6 दिन बाद उन्होंने एक रिमाइंडर भी भेजा। विधान सभा सचिवालय की ओर से स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार की मांग को लेकर विधान सभा अध्यक्ष के सम्मुख याचिका दायर की जाती है, जबकि कांग्रेस ने एक नोटिस भेजकर किरण चौधरी की सदस्यता रद करने की मांग की थी।

## प्रदेश में स्कूलों व कॉलेजों की हालत दयनीय : सैनी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी ने प्रेसवार्ता कर बेरोजगारी और हरियाणा में शिक्षकों की कमी के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा।



उनके साथ ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश गुज्जर और प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार देश के युवाओं के भविष्य को धूमिल करने में लगी। माता पिता बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्कूल भेजते हैं ताकि उनका बच्चा पढ़ लिखकर रोजगार पा सके और उनके बुढ़ापे का सहारा बन सके। लेकिन हरियाणा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के स्कूलों की हालत दयनीय है। प्रदेश के स्कूलों में न शिक्षक, न पीने का पानी, न बिजली और शौचालय है। प्रदेश का भविष्य स्कूल की जर्जर इमारत में पढ़ने को मजबूर है, थोड़ी सी बारिश आ जाए तो छत टपकने लगती है और बच्चों की छुट्टियां करनी पड़ती है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में गांव नोलायजा डम्प साइट पर लीगेसी वेस्ट डम्प्ड हेतु बायो रिमिडिएशन + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 135.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27697/I/88/6 दि. 11.07.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर और राई निर्वाचन क्षेत्र में यमुना नदी पर हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चारदिवारी पिल्लर्स का निर्माण और स्थापना। | 09.07.2024 22.07.2024 | 513.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव डूडीवाला किसानपुरा ब्लॉक बाढड़ा, जिला चरखी दादरी में सार्वजनिक पार्क का विकास + 3 कार्य। | 08.07.2024 16.07.2024 | 80.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला - गांव नागल बग्गा, जी.पी. कंडियाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 7 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 41.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में विश्राम गृह में स्थापित एयर कंडीशनर को बदलना + 6 कार्य। | 10.07.2024 16.07.2024 | 45.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं हेतु हिसार, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 18.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कैथल | सोलु माजरा - गांव सोहलु माजरा में शमशान घाट में शैड का निर्माण + 4 कार्य। | 10.06.2024 16.07.2024 | 59.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा नूह मेवात | अल आफिया सिविल हॉस्पीटल मंडीखेड़ा जिला नूह (मेवात) में औषधि सेवाएं। | 11.07.2024 24.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910983848 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में जी.ए. रोड (सोहना) से सांपकी नांगली पर पैचवर्क हेतु विशेष मरम्मत (जोखिम व लागत)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 1.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में निमोट घंघोला रोड से जुलाका बिलाका रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3098) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 38.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सोहना ढाणी से मोहम्मदपुर गुज्जर कि.मी. 0.00 से 3.27 तक रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 43.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव पांची, राजलू गढ़ी, और भोगीपुर, ब्लॉक गन्नौर में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.07.2024 | 98.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक पिंजौर (गांव बाघरानी खोई, डेरागुरु फतेहपुर दीवानवाला और तोरण) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 9 कार्य। | 09.07.2024 15.07.2024 | 167.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में पुराना न्यायालय परिसर में सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान। | 10.07.2024 16.07.2024 | 9.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/260/27724/I/88/6 दि. 11.07.24

हरियाणा सरकार



"गांवों के विकास से जुड़े हर कार्य में पंचायत की अहम भूमिका होती है। सशक्त पंचायतें हमारे समृद्ध गांवों की पहचान हैं। हमारा ध्येय इनके अधिकारों में वृद्धि करके इन्हें और सक्षम बनाना है।"

**- नायब सिंह**

"हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पंख देने के लिए काम करती रहेगी।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# ग्रामीण विकास में सशक्त पंचायतें बन रही आधार

## राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन

दिनांक - 12 जुलाई, 2024 । समय - दोपहर 2:00 बजे

स्थान - इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5, पंचकूला



मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

**श्री महिपाल ढांडा**

राज्य मंत्री, विकास एवं पंचायत (स्व.प्र.), हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया

# हरियाणा का लॉरेंस बना निदाना का विक्की, रंजिश में जेल से करवा दी हत्या

### एसपी ने हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की पहचान करने व जल्द गिरफ्तारी का दावा किया

मोहन भारद्वाज ▶▶ रोहतक/हिसार



हिसार। पकड़ा गया आरोपी पुलिस कर्मचारियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

जेल में बैठकर अपराध को अंजाम देना कोई नई बात नहीं है। अक्सर ऐसी चर्चाएं सामने आती रहती हैं। कुछ माह पहले मुंबई में सुरक्षित माने जाने वाले सलमान खान के घर गलैक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग की घटना ने चर्चाओं को हकीकत का रूप दे दिया। जिसके पीछे पंजाब की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम जुड़ा। अब रोहतक के निंदाना के विक्की ने हिसार की सेंट्रल जेल में बैठकर रंजिश में हांसी के व्यापारी की हत्या करवाकर गैंगस्टर लॉरेंश बिश्नोई की राह पकड़ ली है।

इससे पहले भी कई बार जेल में बंद अपराधियों द्वारा वारदात करवाने की चर्चाएं सामने आई, परंतु जिस प्रकार से रविंद्र सैनी हत्याकांड में विकास उर्फ विक्की व सलमान खान के घर पर फायरिंग में लॉरेंस बिश्नोई का हाथ खुद पुलिस ने स्वीकार किया, वैसा कभी सुनने को नहीं मिला। हांसी पुलिस विक्की को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया है।

एसपी मकसूद अहमद ने इसके साथ हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की पहचान करने व जल्द गिरफ्तारी का दावा भी किया। ऐसे में यह कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि जेल में बैठकर बड़े कारोबारी की हत्या करवाकर विक्की ने खुद को हरियाणा के लॉरेंस की बराबरी पर खड़ा कर लिया है।

### यहां से हुई थी शुरुआत

हिसार चुंगी के पास स्थित रविंद्र सैनी के हीरो शोरूम के पीछे विकास नगर है। रविंद्र ने शोरूम के अंदर से पीछे के हिस्से में बने वाशिंग स्टेशन पर जाने के लिए रास्ता बनाया हुआ था, ताकि शोरूम पर आने वाले ग्राहक बाइक लेकर सीधे पीछे चले जाएं। विक्की अक्सर अपने घर आने-जाने के लिए इसी रास्ते का प्रयोग करने लगा तो रविंद्र ने उसे रोक दिया। जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ।

रविंद्र के शोरूम पर पहले तोड़फोड़ और 2014, 2015 व 2017 में हुई फायरिंग के पीछे भी विक्की का ही हाथ माना जा रहा है। फिलहाल विक्की हत्या प्रसास व लूट जैसे कई संगीन मामलों में हिसार सेंट्रल जेल में बंद हैं।

### पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद बाइक से भागे हत्यारे

बुधवार शाम हत्याकांड को अंजाम के बाद चार बदमाश बिना नंबर की एक बाइक पर सवार होकर फरार हुए। तीन बदमाश शोरूम की तरफ गए थे तथा एक बाहर इंतजार करता रहा। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। इससे पहले बदमाशों ने 24 जून को हिसार के महिंद्रा शोरूम पर 30 राउंड फायरिंग कर पांच करोड़ की फिरौती मांगी थी। 25 जून को दूसरे ऑटो मोबाइल व्यापारी व 26 जून को तिरपाल व्यापारी से दो-दो करोड़ की फिरौती मांगी थी। जिनका अभी तक हिसार पुलिस सुराग भी नहीं लगा पाई थी। हांसी में जजपा नेता व ऑटो मोबाइल व्यापारी रविंद्र सैनी की हत्या कर बदमाशों ने पुलिस के मुंह पर एक और तमाचा जड़ दिया। बदमाशों ने चार राउंड फायर किए व सैनी को तीन गोलियां लगी।

### शव लेने से इनकार, हिसार दिल्ली हाइवे किया जाम

**हांसी।** हांसी की हिसार चुंगी पर स्थित हीरो बाइक एजेंसी के संचालक एवं जजपा नेता रविंद्र सैनी की बुधवार को बाइक सवार बदमाशों द्वारा हत्या से आक्रोशित लोगों ने वीरवार दोपहर हिसार दिल्ली हाइवे जाम कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी, एक करोड़ की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। इससे पहले शहर में विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करवाया। व्यापार संगठन ने वीरवार शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शुक्रवार को हांसी बंद कर ऐलान किया। जाम की सूचना के बाद एसपी मकसूद अहमद ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और पुलिस ने हत्याकांड के मास्टर माइंड माने जा रहे मूल रूप से रोहतक के निंदाना व हाल विकास नगर हांसी निवासी विकास उर्फ विक्की को प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया। एसपी ने हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की पहचान करने का भी दावा किया। एसपी ने कहा कि पुलिस की पांच टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं तथा जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हत्या और एससी एसटी एक्ट के जुर्म में एक को आजीवन कारावास

- छह साल पहले चाकू से वार कर हत्या करने का जुर्म
- सजा के अलावा अदालत ने 60 हजार रुपये जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चद्रहास की अदालत ने व्यक्ति की हत्या करने तथा एससी एसटी एक्ट के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास तथा 60 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को एक साल का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार धर्म सिंह कॉलोनी नरवाना निवासी विक्रम ने सात अक्टूबर 2018 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भाई जगजीत सिंह की मोहल्ला के राजू पंडित से रंजिश चली आ रही थी। देर शाम को उसका भाई जगजीत सिंह घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में राजू ने जगजीत को जातिसूचक गालियां देते हुए रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। जिसमें जगजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालात में जगजीत को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान जगजीत की मौत हो गई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने विक्रम की शिकायत पर राजू पंडित के खिलाफ हत्या तथा एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी मामला अदालत में विचाराधीन था।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(UNDER GURDAIN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF Ms. Rajni Yadav
Additional District and Sessions Judge, Rohtak
Sunita D/o Payare Lal
Vs.
General Public
CNR No. HRRH01-002744-2024
Next Date:-09-08-2024
NOTICE TO :
General Public
Haryana.
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 09-08-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/-Additional District and Sessions Judge Rohtak
Dated, this day of 10-07-2024

**Reminder COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh Manoj Kumar Rana ADSJ
Additional District and Sessions Judge, Jhajjar
Saminu
Vs.
Zubair Khan
CNR No. HRJR01-001383-2021
Next Date:- 23-07-2024
The Claimant prays for compensation of Rs. 50,00,000/- along with the interest from Defendants.
PUBLICATION ISSUED TO :
Zubair Khan
:-Irfan Khan
House No. 326, Muhiddinpur, Dubaris, District Ghziabad, UP
In above titled case, the defendantts) respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 23-07-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar
Sd/-
Additional District and Sessions Judge Rohtak
Dated, this day of 08-07-2024

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(UNDER GURDAIN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF Ms. Rajni Yadav
Additional District and Sessions Judge, Rohtak
Sunita D/o Payare Lal
Vs.
General Public
CNR No. HRRH01-002745-2024
Next Date:-09-08-2024
NOTICE TO :
General Public
Rohtak.
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 09-08-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/-Additional District and Sessions Judge Rohtak
Dated, this day of 10-07-2024

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:- | 30-Elect-24-T-2024-25-E3 निम्नलिखित के संबंध में विद्युत कार्य (i) झज्जर (JHJ) में गुड्स शेड का विकास। (ii) रोहतक (ROK) में गुड्स शेड का विकास। |
| निविदा की अनुमानित लागत :- | रु. 22.99 लाख |
| कार्यालय का पता :- | वरिष्ठ मंडल विधुत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि :- | रु. 46000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :- | 16.08.2024, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय:- | 16.08.2024, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | www.ireps.gov.in / व वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2111/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## हरियाणा में बाप-बेटे का झूठ चलने वाला नहीं: बिप्लब कुमार देब

**चंडीगढ़।** आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए सह प्रभारी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में पूर्ण बहुमत से सशक्त सरकार तीसरी बार बनाने जा रही है। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए हुई महत्वपूर्ण नेताओं की बैठक के बाद चंडीगढ़ में बिप्लब कुमार देब ने कांग्रेस और उसके पिता-पुत्र कल्चर पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी नहीं है और हम अपने नेता नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में सिर्फ और सिर्फ जनहित को ध्यान में रखकर सरकार चलाते हैं। हरियाणा में हमारा कामकाज लोगों के सामने है और जिस पारदर्शिता के साथ न्यायपूर्ण सरकार हमने चलाई है, उसको देखते हुए तीसरी बार भी हम ही सरकार बनाएंगे। बिप्लब ने हुड्डा पिता-पुत्र और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि ये वही कांग्रेस है जिसने देश के सबसे बड़े जाट नेता रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की सरकार गिराई थी और दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी है जिससे चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न दिया और जगदीप धनखड़ जी को उपराष्ट्रपति बनाया। ये कांग्रेस के नेता और पिता-पुत्र ही बहकावे की और जातिवाद की राजनीति करते हैं। देब ने ये भी बताया कि आने वाले दिनों में गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा प्रदेश भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित होने जा रहे एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बिप्लब देब ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस वोट लेने के लिए हर प्रकार के झूठ का सहारा ले रही, लेकिन हरियाणा में कांग्रेस और बाप-बेटे का झूठ चलने वाला नहीं।



## रक्षामंत्री राजनाथ से मिले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय



**नई दिल्ली।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को देर सायंकाल नई दिल्ली में देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टचार मुलाकात की। राज्यपाल ने रक्षामंत्री को गुलदस्ता व शॉल भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और ईश्वर से उनके सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की।

**NOTICE**
I, Anita W/o Sh. Kuldeep R/o H.No. 336/15 Sanjay Nagar, Rohtak declare that I am holder of A/C No. 78760100004394 at Bank of Baroda, Narain Complex Rohtak. In this A/C my name is mentioned as Neeta, whereas in my all documents my name is Anita. Neeta & Anita both are the names of one and the same person. Now I want change my name from Neeta to Anita in my above Bank A/C.

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Munish Nagar
Additional Civil Judge (Senior Division), Sirsa
JAGDISH
Vs.
ROHTASH
CNR No. HRS102-000080-2018
CS-60-2018
Next Date: 13-08-2024
Suit for possession of land measuring about 08 marlas, bounded as on- East- About one karam (1.4 Meter), West- 6 karam (9.7 Meter), North- 22 karam(36.7 meter), South- 22 karam(36.9 Meter), Out of khasra No. 272, situated in village Makhoshoran, Tehsil Nathusari Chopta, District Sirsa, as entered in khewat No.370 Khatuni No.478, as per the Jamabandi 2016-2017 to the plaintiffs and the proforma defendants from the defendants, which is in and unauthorized possession of the defendants, without any right and justification and that the paintiffs and the proforma -defendants being the lawful owners thereof are entitled to get the actual physical posession of this land from the defendants, on the basis of the demarcation report dated 04.03.2017, and as a -consequential relief of injunction restraining the defendants from changing the nature of the above said land or any part thereof, forcibly and illegally and from raising any type of -construction etc. on the above said encroached land, as the defendants have nothing to do with the above said land and they are in illegal and unauthorized possession of the aforesaid land, on the basis of evidence of every kindoral and documentary.
PUBLICATION ISSUED TO :
D9. SUNITA, D10. SHARDA, D11. KRISHNA DAUGHTERS OF DAULAT RAM S/O JAGMAL R/O VILLAGE MAKHOSHORAN TEHSIL AND DISTRICT SIRSA, HARYANA
In above titled case, the defendant(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 13-08-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Sirsa
Sd/- Munish Nagar
Additional Civil Judge (Senior Division), Sirsa
Dated, this day of 10-07-2024

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचन निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक द्वारा रखरखाव की गई पहरावर गौशाला में रखरखाव कार्य (पशुओं का चारा, पानी और मेडिकल केयर)। | 10.07.2024 19.07.2024 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद -13/2025/40/27704/I/88/6 दि. 11.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचन निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | एम.सी. नरवाना, जिला जीन्द में सब यार्ड धनौरी में उप कार्यालय भवन का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड 27465 के तहत)। | बंद होने की तिथि 14.07.2024 | 33.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद -13/2025/40/27706/I/88/6 दि. 11.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी फरीदाबाद में 40 अदद फीडर पैनल्स की एसआईटीसी समेत 47 अदद 200 केवीए पोल माउंटेड डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर्स की आपूर्ति, खड़ा करना, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन। | 10.07.2024 30.07.2024 | 3.49 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27730/I/88/6 दि. 11.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में विश्वविद्यालय परिसर में संस्थानात्मक भवन में विविध प्रकार के विभिन्न कार्यों हेतु ठेकेदार/एजेंसियों का पैनल तैयार करना। | 08.07.2024 29.07.2024 | 42.36 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | म.द. विश्वविद्यालय परिसर, रोहतक और सीपीएएस, गुरुग्राम परिसर में संस्थानात्मक भवनों, छात्रावासों और मकानों में सिविल और जन स्वास्थ्य कार्यों के रखरखाव हेतु सेवाओं का प्रावधान (लेबर पार्ट केवल)। | 08.07.2024 29.07.2024 | 147.60 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27701/I/88/6 दि. 11.07.24

# सुचारू रूप से संचालित हुई सेकेंडरी की पूरक परीक्षाएं: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि आज प्रदेशभर में सेकेंडरी के आईटी व आईटीईएस 'सूचना प्रौद्योगिकी एवं संस्कृत व्याकरण' केवल गुरुकूल व संस्कृत विद्यापीठों के लिए विषयों की परीक्षाएं सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से संचालित हुई। अनुचित साधन प्रयोग का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। डॉ. यादव ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक की एक दिवसीय परीक्षा 03 जुलाई को संचालित करवाई गई थी। सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक की एक दिवसीय परीक्षा में अनुचित साधन के 03 मामले दर्ज किए गए थे। सेकेंडरी शैक्षिक की पूरक परीक्षाएं 04 से 11 जुलाई तक संचालित करवाई गई हैं, जिसमें प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के 30 केस दर्ज हुए हैं। ज्ञात रहे कि इन परीक्षाओं के डिजिटल अंकन का कार्य भी प्रदेशभर में स्थापित किए गए 06 अंकन केन्द्रों पर 09 जुलाई से विधिवत रूप से आरम्भ हो चुका है।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा डिजिटल अंकन की प्रक्रिया को लागू करने से पून: जांच व पूर्नमूल्यांकन के आवेदनों में 60 प्रतिशत तक की गिरावट आई है, जिससे स्पष्ट है कि परीक्षार्थी व अभिभावक बोर्ड द्वारा अपनाई गई इस नई प्रणाली से संतुष्ट हैं।

उन्होंने बताया कि अंकन कार्य में परीक्षकों की दक्षता को बढ़ाने, समयबद्ध रूप से परीक्षाओं का परिणाम जारी करने तथा बदलते तकनीकी परिदृश्य के मद्देनजर अक्टूबर 2023 की परीक्षाओं में डिजिटल अंकन के सफल परीक्षण के बाद दूसरी बार डिजिटल अंकन का कार्य करवाया जा रहा है। इसके साथ ही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड डिजिटल अंकन की प्रक्रिया को लागू करने वाला देश का पहला बोर्ड बन गया है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष:** मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन:** यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला:** आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।


**धनु:** खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर:** कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:** अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

## शब्द पहेली - 5569



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5568 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5580

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5579 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |




# एफिल टावर का टुकड़ा पदक के रूप में ले जाएंगे पेरिस ओलंपिक चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में 13 दिन का समय शेष है। भारतीय दल इसके लिए पूरी तरह है। भारत को इस बार उम्मीद है कि पेरिस में खिलाड़ी अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस बार के ओलंपिक में दुनियाभर के खिलाड़ी कई तरह के बदलावों के तहत मैदान में अपना दम दिखाएंगे। अलग-अलग बदलावों में एक बदलाव विजेताओं को मिलने वाले पदक में भी हुआ है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालिंपिक के आयोजकों ने इसी साल आठ फरवरी को पहली बार पदकों का अनावरण किया था। खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रतिष्ठित एफिल टावर का एक टुकड़ा घर ले जाएंगे। पदक का एक हिस्सा एफिल टावर के टुकड़ों से बना है। ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक जबकि पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होंगे।



### खेलों के पुनर्जन्म की कहानी

ओलंपिक पदक का दूसरा पहलू ग्रीस में खेलों के पुनर्जन्म की कहानी कहता है। 2004 से पदकों की एक पारंपरिक विशेषता है। जीत की देवी एथेना नाइक को अग्रभूमि में दर्शाया गया है, जो 1896 में ओलंपिक खेलों के पुनरुद्धार का गवाह बने पैनाथेनिक स्टेडियम से निकलती है।

### रिबन का भी टॉवर से कनेक्शन

ओलंपिक पदकों के दूसरे पक्ष की एक और अनिवार्य विशेषता, एक्रोपोलिस इस डिजाइन में पहली बार एफिल टॉवर से जुड़ा है। इस प्रकार ग्रीस में प्राचीन खेलों की प्रेरणा, आधुनिक ओलंपिक खेलों की फ्रांसीसी उत्पत्ति और पेरिस में उनके अगले संस्करण सभी का प्रतिनिधित्व किया गया है। यहां तक कि ओलंपिक और पैरालंपिक पदकों के रिबन का भी एफिल टॉवर से कनेक्शन है। इन्हें एफिल टावर की जाली के काम से सजाया जाएगा।



### कुल 5084 पदक

साल के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। पदक में 18-ग्राम षट्भुज (हेक्सागॉन) टोकन है। ये अतीत में स्मारक के नवीनीकरण के दौरान एफिल टावर से निकाले गए लोहे से बने हैं। इन पदकों को चौमेट ज्वेलर ने डिजाइन किया है।

### पदकों में एफिल टावर का धातु

मार्टिन फोरकेड की अध्यक्षता में पेरिस 2024 एथलीट आयोग ने ओलंपिक खेलों के लिए पदकों पर विचार करने के लिए एक टीम का नेतृत्व किया। एक बयान में कहा गया, 'फ्रांस और पेरिस के प्रतिष्ठित स्मारक, एफिल टॉवर को खेलों की सबसे प्रतिष्ठित वस्तु, पदक के साथ जोड़ना हमारे लिए एक स्पष्ट विकल्प था।

पैरालिंपिक पदकों में नीचे से एफिल टॉवर का दृश्य दिखाई देता है और उन पर ब्रेल लिपि में पेरिस 2024 अंकित है। इससे फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल को श्रद्धांजलि देने का काम किया गया है।

### पदकों में बदलाव

सेंट लुई 1904 खेलों में पहली बार स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक का उपयोग किया गया। ये पदक यूनान की पौराणिक कथाओं के शुरुआती तीन युगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वर्णिम युग- जब इंसान देवताओं के साथ रहता था, रजत युग- जहां जवानी सौ साल की होती थी और कांस्य युग या नायकों का युग।

### स्वर्ण पदक पूरी तरह सोना नहीं

रोचक तथ्य है कि स्वर्ण पदक पूरी तरह सोने का नहीं बना होता। स्टॉकहोम खेल 1912 में आखिरी बार पूरी तरह सोने के बने तमगे दिए गए। अब पदकों पर सिर्फ सोने का पानी चढ़ाया जाता है। आईओसी के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वर्ण पदक में कम से कम छह ग्राम सोना होना चाहिए। लेकिन असल में पदक में चांदी का बड़ा हिस्सा होता है।

### स्टॉपेज टाइम में वाटकिंस ने दागा गोल, इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराया

# यूरो 2024 : इंग्लैंड ने फाइनल में बनाई जगह, स्पेन से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| डॉर्टमंड

एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्टॉपेज टाइम में ओली वाटकिंस के गोल के दम पर इंग्लैंड ने नीदरलैंड को 2-1 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना स्पेन से होगा। नीदरलैंड के लिए 21 वर्ष के जावी सिमंस ने पहला गोल दागा। वहीं केन ने बराबरी का गोल पेनल्टी पर किया।

इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को मैदान पर बुलाने का साहसिक फैसला लिया और स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में उसने गोल करके इसे सही साबित कर दिया। यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में इंग्लैंड के लिये जूड बेलिंगघम ने स्टॉपेज टाइम में बराबरी का गोल किया था।

### 58 साल से खिताब का सूखा

इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को अंतिम 16 के मुकाबले में हराया और स्विटजरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इंग्लैंड ने आखिरी बार 1966 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज की थी जिसके बाद से टीम कोई बड़ा खिताब नहीं जीत सकी है। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेम्बले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 फाइनल भी वहीं खेला गया था जिसमें उसे इटली ने हराया था।



**कोच का मास्टर स्ट्रोक** : वाटकिंस इससे पहले इस बार यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के खिलाफ ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। साउथगेट ने 80वें मिनट में जब उन्हें उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई। लेकिन यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ।

## कोपा अमेरिका : कोलंबिया 23 साल में पहली बार खेलेगा फाइनल



चार्लोट। कोलंबिया ने उरुग्वे पर 1-0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया हालांकि आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चैंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। वहीं उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था।

**मैच के बाद भिड़े दर्शक**

**कोपा अमेरिका** : सेमीफाइनल में कोलंबिया के हाथों उरुग्वे की एक गोल से हार के बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डारविन नुनेज समेत उरुग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए। तनावपूर्ण मुकाबले के बाद उरुग्वे टीम की बेंच के पीछे प्रशंसक आपस में भिड़ गए।

विंबलडन

## मुसेट्टी पहली बार सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा सामना



एजेंसी ▶▶| लंदन

इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कॅरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं।

उन्होंने साढ़े तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3-6, 7-6, 6-2, 3-6, 6-1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कॅरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चैंपियन जोकोविच 13वीं बार विंबलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से मात दी।

### टेनिस में बैडमिंटन से बेहतर कर सकती थी



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लगता है कि अगर उन्होंने बैडमिंटन खेलने के बजाय टेनिस का रैकेट पकड़ा होता तो वह बतौर खिलाड़ी और बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती थीं। साइना दुनिया में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं और वह ओलंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला एथलीट भी बनीं। राष्ट्रपति भवन में 'हर स्टोरी - माई स्टोरी' बातचीत के दौरान साइना ने कहा, 'कभी कभार मुझे लगता है कि अगर मेरे माता पिता ने मुझे टेनिस में डाला होता तो अच्छा होता।'

### जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के पास अन्य एशियाई खिलाड़ियों के साथ अगले साल होने वाले जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश का मौका होगा जब पहला रोलां गैरो जूनियर सीरिज क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 16 से 25 अक्टूबर तक तोक्यो में खेला जाएगा। टोक्यो में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई वही खिलाड़ी कर सकेंगे जो कजाखस्तान और चीन में क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। इनमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी टोक्यो में खेल सकेंगे जिसमें विजेता को 2025 जूनियर फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिलेगा।

## श्रीलंका में तीन वनडे और तीन टी20 खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत जुलाई और अगस्त में श्रीलंका के दौरे के दौरान पाल्लेकल और कोलंबो में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैच खेलेगा। सफेद गेंद का दौरा टी20 अंतरराष्ट्रीय (26, 27 और 29 जुलाई) से पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद श्रृंखला के वनडे (एक, चार, सात अगस्त) कोलंबो में आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय टीम नव नियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खेलेगी जबकि श्रीलंका भी नए कोच सनत जयसूर्या के साथ होगी। भारत को अभी श्रृंखला के लिए टीम घोषित करनी है और आठ जुलाई को एजेंसी की खबर के अनुसार सीनियर खिलाड़ी जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा को इस दौरे पर आराम दिया जाएगा। उम्मीद है कि हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि केएल राहुल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है।

### हसरंगा ने टी20 कप्तान का पद छोड़ा

**कोलंबो।** वानिंदु हसरंगा ने भारत के खिलाफ तीन मैच की आगामी श्रृंखला से पहले श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान का पद गुरुवार को छोड़ दिया। श्रीलंका क्रिकेट की विज्ञप्ति के अनुसार, 'श्रीलंका क्रिकेट लोगों को सूचित करना चाहता है कि राष्ट्रीय पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने कप्तानी से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### मुंबई में 'प्यूमा' ने 'चैंपियंस ऑफ द गेम' का किया आयोजन

# सिंधू के स्मैश की रफ्तार, जेना के थ्रो का मना जश्न

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, भाला फेंक एथलीट किशोर जेना और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उपलब्धियों का 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले शहर में जश्न मनाया गया।

ओलंपिक के लिए भारतीय ओलंपिक संघ की आधिकारिक 'फुटवेयर' खेल का सामान बनाने वाली कंपनी 'प्यूमा' ने 'चैंपियंस ऑफ द गेम' का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को यहां एक 'आउटडोर' अभियान लांच किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर खिलाड़ियों की छवियां दिखेंगी।



ओलंपिक दल के कुल 45 भारतीय एथलीट जर्मनी की कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका 'सी द गेम लाइक वी डू' अभियान का उद्देश्य यहां खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। प्यूमा ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के ताकतवर 'स्मैश', ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश की सहजता से दनदनाती गेंद को रोकने की काबिलियत छवियों के जरिए पूरी मुंबई में दिखाई देगी। साथ ही एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर जेना के थ्रो की छवि एक बड़ी इमारत के बराबर होगी।'

### ट्रेन के पूरे कोचों पर छपेगी फोटो

'सिंधू के स्मैश की रफ्तार 349 किमी प्रति घंटे है जो मुंबई के सेंट्रल लाइन रूट की रफ्तार से तीन गुना है। उनकी शानदार उपलब्धि की छवि इस रूट की स्थानीय ट्रेन के पूरे कोचों पर छपी होगी।' जेना का सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो की छवि को प्रभादेवी में इसी तरह दिखाया जाएगा। मुंबई और ठाणे के बीच एक्सप्रेस हाइवे पर श्रीजेश की फोटो डिजिटल बिलबोर्ड पर दिखेगी। पेरिस ओलंपिक के दौरान भारत के 100 से ज्यादा खिलाड़ियों को पोडियम और ट्रैवल फुटवियर, ट्रॉली, बैकपैक, सिपर्स, योग के लिए मैट, हेडबैंड्स, रिस्टबैंड, जुराबें और तौलिए दिए जाएंगे।



चिंतन

# नेपाल में फिर 'सत्ता बदल' खेल, पैनी नजर रखे भारत

नेपाल में एक बार फिर से राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को आज 12 जुलाई शुक्रवार को विश्वासमत का सामना करना है। प्रचंड की सरकार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के समर्थन से है। पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी केपी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। नेपाली संसद की जो अंकगणितीय स्थिति है, उसमें प्रचंड के लिए विश्वासमत हासिल करना मुश्किल है। सीपीएन-यूएमएल व नेपाली कांग्रेस ने विश्वासमत के खिलाफ मतदान के लिए अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में बहुमत का आंकड़ा 138 है। नेपाली कांग्रेस व सीपीएन-यूएमएल के पास कुल 167 का आंकड़ा है, जो बहुमत से ज्यादा है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए लेकिन उन्हें 63 सदस्यों का समर्थन मिलने की संभावना है। ऐसे में पीएम दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे और उनकी सरकार का जाना तय है। मौजूदा संसद का कार्यकाल वर्ष 2027 तक है, नवंबर 2022 के चुनाव में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ लड़ा था, उससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव प्रचंड ने ओली का पार्टी सीपीएन यूएमएल के साथ लड़ा था। वर्ष 2022 में प्रचंड व शेर बहादुर देउबा के संयुक्त गठबंधन को बहुमत मिला, लेकिन प्रधानमंत्री को लेकर देऊबा के साथ तकरार के चलते प्रचंड ने पाला बदल लिया और ओली की सीपीएन यूएमएल के साथ मिलकर सरकार बना ली। चूंकि जून 2021 में प्रचंड के समर्थन से ही देउबा प्रधानमंत्री बने थे, इसलिए वे वर्ष 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के साथ बहुमत के बाद पीएम बनना चाहते थे और चाहते थे कि इस बार देऊबा समर्थन दें, पर देऊबा ने ऐसा नहीं किया था। 18 महीने में प्रचंड ने चार बार विश्वासमत हासिल किया है, यह पांचवी बार है, जब उनके दांव विफल साबित होंगे। शुरू में प्रचंड चीन समर्थक रहे हैं, पर चीनी की दबाव वाली कूटनीति के चलते वे भारत के करीब आ गए। सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन में जल्द ही दरारें उभर आईं, जिससे प्रचंड को मार्च में नेपाली कांग्रेस के समर्थन से एक और विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उस विश्वासमत के बाद वे भारत दौरे पर आए थे। नेपाल में अब जो ओली व देऊबा की पार्टी की गठबंधन सरकार बनेगी, उसमें ओली पहले पीएम बनेंगे, वाद में देऊबा बनेंगे। ओली चीन समर्थक माने जाते हैं, जबकि देऊबा का भारत के साथ मधुर संबंध रहा है। प्रचंड बनाम ओली की राजनीतिक अदावत के चलते ही 2021 में संसद भंग कर दी गई थी। फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और संसद भंग करने के फ़ैसले को रद कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इसी फ़ैसले के बाद देउबा प्रधानमंत्री बने थे। नेपाल में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलने से राजनीतिक अस्थिरता लंबे समय से है। सत्ता देऊबा, ओली व प्रचंड के बीच घूमती रहती है, जिससे जन विकास की गति धीमी रहती है। ओली के फिर पीएम बनने के बाद भारत को नेपाल पर पैनी नजर रखनी होगी।



संयुक्त राष्ट्र

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# फिलेमॉन यंग के समक्ष चुनौतियां

संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष के रूप में फिलेमॉन यंग को चुना गया है। इसमें कोई दो मत नहीं की दुनिया चुनौतीपूर्ण क्षण से गुजर रही है। युद्ध और संघर्ष निरंतर बढ़ रहे हैं। जलवायु संकट, पृथ्वी की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधनों की निरंतरता बनाए रखनी है। गरीबी, भुखमरी, असुरक्षा और असमानता बढ़ी है। घृणा, अविश्वास, विभाजन और विस्थापन की समस्या विश्वव्यापी बन रही है। पूरी दुनिया में टिकाऊ विकास और अभयपूर्ण इच्छाशक्ति की बाट जोहती आज की पीढ़ी फिलेमॉन से बहुत सी अपेक्षाएं पाल चुकी है। फिलेमॉन अपने अनुभव से यदि बड़े निर्णय लेने और उपाय ढूंढ़ने में कामयाब होते हैं तो इससे सबका भला होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 79वां सत्र आगामी सितम्बर में शुरू होने वाला है। उसके लिए पूर्व तैयारियों ने अपना मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा मंच है जो बहुपक्षीय संबंधों को समृद्धि प्रदान कर वैश्विक मुद्दों को बहस के केंद्र में लाता है। यह पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक घटना होती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष के रूप में फिलेमॉन यंग को चुना गया है। वह डेनिस विलियम का स्थान ग्रहण करेंगे। डेनिस विलियम 78वें महासभा के महामहिम अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह संयुक्त राष्ट्र महासभा बहुपक्षीय सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक व जीवन-जगत से जुड़े पहलुओं को बेबाकी से प्रकट करने वाली महासभा है। 79वें सत्र की अध्यक्षता के लिए महामहिम फ़िलेमॉन यंग को संयुक्त राष्ट्र के ट्रस्टीशिप आम सभा में नागरिक समाज के प्रतिनिधियों, अकादमिक जगत के लोगों, संयुक्त राष्ट्र नागरिक समाज संगठनों, साथ ही ख्याति प्राप्त व्यक्तियों द्वारा इंटरेक्टिव संवाद के पश्चात चुना गया है।

फिलेमॉन यंग कैमरून के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वह एक अच्छे राजनयिक, लोकसेवक व लोकप्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। साथ-साथ अफ्रीकी संघ और सरकार के उच्चतम स्तरों पर काम करने का व्यापक अनुभव रखते हैं। उनके चयन पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस का बहुत ही आत्मीय वक्तव्य सामने आया कि फिलेमॉन यंग गौरवान्वित अफ्रीकी हैं जो अपने महाद्वीप के भविष्य के प्रति समर्पित है। उनकी वजह से कैमरून जैसे अफ्रीकी देश संभावनाओं से भरपूर हैं। इस क्षमता को समझने के लिए अफ्रीकी देशों के इर्द-गिर्द एकजुट होने की जरूरत भी है और वास्तव में, दुनियाभर के विकासशील देशों का समर्थन भी इसके लिए आवश्यक है, जिससे एक देश संभावनाओं से भर जाए। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि वह सहयोगी समाधानों के लिए सदस्य देशों को एकजुट करते हैं जो अफ्रीका और विकासशील दुनिया को न्याय दिला सकते हैं। गुतरेस का इतना बड़ा विश्वास ही सब कुछ फिलेमॉन यंग के बारे में बता देता है। निर्वाचित राष्ट्रपति यांग महासभा का नेतृत्व करने जा रहे हैं, लेकिन इसमें कोई दो मत नहीं की दुनिया चुनौतीपूर्ण क्षण से गुजर रही है। युद्ध और संघर्ष निरंतर बढ़ रहे हैं। जलवायु संकट, पृथ्वी की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधनों की निरंतरता बनाए रखनी है। गरीबी, भुखमरी, असुरक्षा और असमानता बढ़ी है। घृणा, अविश्वास, विभाजन और विस्थापन की समस्या विश्वव्यापी बन रही है। निवेश करने के लिए आवश्यक समर्थन न तो संयुक्त राष्ट्र जुटा पा रहा है और न ही कोई ऐसे परिवर्तनकारी मस्तिष्क के विकास हो रहे हैं जो सतत विकास लक्ष्य व दूसरे मानव-केंद्रित विषयों पर, प्रकृति की सुरक्षा पर निवेश करा सकें। सबने हाथ खड़े कर रखे हैं। सब भगवान भरोसे छोड़ अपनी संप्रभुता, सत्ता और भौतिकवादी सुख के लिए आसक्ति से भरे पड़े हैं। फिलेमॉन यंग को यह समझना होगा कि देशों की सोच का रुख कैसे बदला जाए। संयुक्त राष्ट्र में सेट पैटर्न पर गाड़ी हांकने वाले यह सोच



रहे हैं कि उनकी मंशा अनुसार विश्व चलेगा तो यह उनकी कमी है। इसके लिए फिलेमॉन यंग को नए सिरे से विचार करना होगा। संयुक्त राष्ट्र में अभी तक केवल छह भाषाओं को प्रमुखता से स्थान मिला है। कम से कम भाषाओं में संयुक्त राष्ट्र की अभिव्यक्ति उसे जन-जन से जुड़ने ही नहीं दे रही है। हिंदी में अब ज़रूर भारत में संयुक्त राष्ट्र से न्यूज पहुंचाई जा रही हैं, लेकिन अधिक संख्या में बोली व समझी जाने वाली कुछ भाषाएं यदि संयुक्त राष्ट्र की मुख्य रेस वाली भाषा की तरह स्थान नहीं पाएंगी तो निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियां और उसके इनिशिएटिव उसके ही लिए उपयुक्त नहीं होंगे। संयुक्त राष्ट्र में परमाणु अप्रसार, युद्ध विराम और शरणार्थियों की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है भले ही लेकिन इसके लिए जो आचार संहिताएं हैं उसका पालन देश कितना कर रहे हैं, यह बड़ा सवाल है। फिलेमॉन यंग की यह बड़ी चुनौती है उनके लिए कि वे कुछ देशों को सुरक्षा परिषद में स्थान दिलवाने में सफल हो पाते हैं कि नहीं? चबा कोरोसी ने जिस गति से सुरक्षा परिषद के विस्तार पर पहल की थी, यदि फिलेमॉन यंग उतनी ही रफ्तार से इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो उन्हें काफी सफलता मिल सकती है और संयुक्त राष्ट्र में बदलाव का श्रेय भी उन्हें प्राप्त हो सकता है। पूरी दुनिया में टिकाऊ विकास, अधिक शांतिपूर्ण पृथ्वी, सुन्दर प्रकृति और अभयपूर्ण इच्छाशक्ति की बाट जोहती आज की पीढ़ी फिलेमॉन यंग से बहुत सी अपेक्षाएं पाल चुकी है। मैनेज करने वाले महासभा अध्यक्ष आज की पीढ़ी नहीं चाहती है। वह चाहती है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष केवल औपचारिकताओं में न संलग्न रहें, अपितु सही मायने में रोमांचकारी परिवर्तन के लिए काम करें। विश्व को सही और गलत का भान कराएं और सही निर्णय की ओर संसार को ले जाएं। जैसा कि फिलेमॉन यंग एक अनुभवी कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में सक्षम हैं तो वह इस दिशा में एक प्रतिष्ठित दुनिया बसाने वाली सोच को विकसित कर सकेंगे और विश्व को उम्मीद यह भी है कि सार्वभौमिक उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे भी तो निश्चय ही यह एक अच्छी संभावना है।

फिलहाल सफलता के लिए प्रतिबद्ध होना ज़रूरी है। यदि फिलेमॉन यंग विश्व के वर्तमान को समझकर आगे बढ़ेंगे तो वैसा ही विश्व तैयार होगा। जैसा आज अरबों नागरिकों की अपेक्षाएं हैं, अन्यथा विभिन्न चुनौतियों के बीच नागरिक और प्रकृति शेष होंगे। यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि फिलेमॉन यंग के सामने एक बड़ी समस्या है कि सतत विकास लक्ष्य को लेकर दुनिया के देश बहुत सार्थक व निर्णायक लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्हें इसमें गतिशीलता लाने के लिए बड़े पैमाने पर देशों व देश के नेतृत्वों को प्रोत्साहित करना होगा। इन दिनों इस बात पर बहस शुरू हो गई है कि सन 2030 तक सतत विकास लक्ष्य को हासिल किया भी जा सकेगा या नहीं। फिलेमॉन यंग यदि इसके प्रोत्साहन के लिए एक बड़े स्तर का शिष्टमंडल खड़ाकर काम नहीं करेंगे तो जो अपेक्षाएं हैं उन्हें वे पूर्ण करने में पीछे हो जाएंगे। आवश्यकता इस बात की होगी की फिलेमॉन यंग खुद इसकी गंभीरता को समझें और वैश्विक नेतृत्व को संभालते हुए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को इसकी गंभीरता को समझने की पहल करें।

विश्व में पर्यावरण व विकास के मुद्दे तो हैं ही, युद्ध और संघर्ष में बहुत धन लग रहा है। यदि यह धन सतत विकास लक्ष्य के लिए लगाया जाता तो यह निवेश विश्व के जीवन गुणवत्ता को हासिल करने में काम आता, लेकिन निवेश वहां हो रहे हैं जहां ज़रूरत नहीं है। फिलेमॉन को यह सोचना होगा कि वह एकीकृत मानसिकता को कैसे क्रियाशील बनाकर कैसे वैश्विक लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। यह एक कठिन कोशिश ज़रूर है, लेकिन मुश्किल नहीं है। फिलेमॉन अपने अनुभव से यदि इसके लिए बड़े निर्णय लेने और उपाय ढूंढ़ने में कामयाब होते हैं तो इससे सबका भला होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उपलब्धि

कृष्णमोहन झा



# पीएम मोदी के व्यक्तित्व की खूबियों के मुरीद हुए पुतिन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए जिन विदेशी राष्ट्राध्यक्षों ने बधाई दी है उनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के निकटतम विदेशी मित्रों में प्रमुखता हासिल कर ली है। हाल में ही रूस की राजधानी मास्को में आयोजित भारत-रूस शिखर वार्ता में भाग लेने के लिए मास्को पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया गया वह भारत-रूस संबंधों में प्रगाढ़ता का परिचायक था, जो समय की कसौटी पर न केवल खरे उतरे हैं बल्कि निरंतर मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ सेंट एंड्रयूज द एपोस्टल' से नवाजकर अंतरराष्ट्रीय जगत को यह संदेश दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री के लिए रूस की जनता के दिलों में कितना आदर और प्रेम है। प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान को भारत की 140 करोड़ जनता का सम्मान निरूपित करते हुए कहा कि मेरे लिए मेरा देश और मेरे देश के लोग सर्वोपरि हैं। प्रधानमंत्री ने मास्को में कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और प्रण लिया था कि मैं अपने तीसरे टर्म में तीन गुनी ताकत से काम करूंगा।' इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि देश को प्रगति की आकाशीय ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रबल इच्छा शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी पांच साल बाद रूस के प्रवास पर पहुंचे थे। मास्को विमानतल पर रूस के प्रथम



उपप्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने उनकी अगवानी की और विमान तल पर ही रूस की सशस्त्र सेनाओं के जवानों द्वारा उन्हें सलामी गारद से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने विमान तल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष की अगवानी के लिए पहली बार देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री को भेजा था। रूस में किसी राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर सामान्यतः द्वितीय उपप्रधानमंत्री द्वारा स्वागत की परंपरा रही है। मास्को विमानतल पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री की उपस्थिति के यह अर्थ लगाए जा रहे हैं कि रूसी राष्ट्रपति के लिए भारत के मैत्री विशेष अहमियत रखती है और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में रूस के राष्ट्रपति पुतिन भारत के साथ रूस के रिश्तों को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। रूस के राष्ट्रपति ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री चुने पर बधाई देते हुए इसे उनके अनेक वर्षों के अच्छे कार्यों का प्रतिफल बताया। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को ऊर्जावान नेता बताते हुए यह व्यक्त विश्वास व्यक्त किया कि उनमें भारत और भारतीय लोगों के हित में अच्छे नतीजे देने की क्षमता मौजूद है। यह रिजल्ट से स्पष्ट है। पुतिन ने नरेन्द्र मोदी को अपना करीबी मित्र मानते हुए जब उन्हें इलेक्ट्रिक कार में सैर कराई तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दोनों के बीच वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती है। रूस के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच अत्यंत आत्मीय वातावरण में संपन्न हुई वार्ता में उभय राष्ट्राध्यक्षों ने दोनों देशों के सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की इस बात की सराहना की कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इस पर मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने उन्हें मातृभूमि की सेवा करने का मौका दिया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि हम विगत दस वर्षों में 17 बार मिल चुके हैं और विगत 25 वर्षों में 22 दोनों देशों के 22 द्विपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं। यह हमारे संबंधों की गहराई का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने देश में किसानों को उर्वरक की कमी के संकट से निपटने में रूस से मिले सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति को आतंकवाद की समस्या पर भारत की चिंताओं से अवगत कराते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए विश्व में शांति कायम करने की बहुत आवश्यकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस रूस यात्रा और रूस के राष्ट्रपति के साथ उनकी शिखर वार्ता के प्रति अंतरराष्ट्रीय जगत में विशेष उत्सुकता बनी हुई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित

प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा-तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूं। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला-दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला-तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला-खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गए हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहां एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोला-शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है।

*– मुकेश शर्मा, राजनांदगांव*

ट्रेंड

### ऑस्ट्रियाई सरकार का धन्यवाद



ऑस्ट्रिया की मेरी यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही है। हमारे देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने की खुशी है। चांसलर कार्लनेहैमर का आभार ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मणिपुर आएं प्रधानमंत्री



मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर स्थिति में कोई सुधार नहीं है - आज भी प्रदेश दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं। प्रधानमंत्री को मणिपुर आ कर प्रदेशवासियों की तकलीफ़ सुनते हुए शांति की अपील करनी चाहिए।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**

### आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए



ऐसी दुनिया में जहां 'आओ-देखो-मुझे' एक बीमारी है और पेड पीआर जीवन का एक स्वीकार्य तरीका है, विनम्रता राहुल द्रविड़ को शानदार बनाती है। हमें अपने पेशे में इसकी आकांक्षा अवश्य करनी चाहिए; महानता हासिल करने के लिए और इसे केवल हम पर निर्भर रहने दें।

**-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट**

### आंखें खुली रखनी होंगी



यह एक अहम पाठ है कि उद्यमशीलता के अवसर कैसे उत्पन्न होते हैं। आप हमेशा ग्राहकों की ज़रूरतों का पहले से अनुमान लगाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। आपको अपने कान ज़मीन पर रखने होंगे, अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

करंट अफेयर

## भारतीय जहाज के कैप्टन व दल ब्रिटेन में सम्मानित


तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान 'दृढ़ संकल्प और धीरज' का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को बुधवार को वर्ष 2024 के लिए विजेता घोषित किया। वर्ष की शुरुआत में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा कथित तौर पर दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने के लिए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। कैप्टन रावत और उनके चालक दल तथा कैप्टन जॉर्ज फर्नांडो गैलाविज फूएंटेस और टगबोट पेमेक्स माया के चालक दल को मार्शल द्वीप समूह द्वारा पुरस्कार के लिए नामित किया गया।



ऑफ बीट

## समाज को लाभ पहुंचाने के लिए विकसित हुई चेतना

चेतना का अनुभव हमारे अंतर्निहित मस्तिष्क शरीर क्रिया विज्ञान से क्यों विकसित हुआ? तंत्रिका विज्ञान का एक जीवंत क्षेत्र होने के बावजूद, चेतना पर वर्तमान शोध में असहमति और विवाद बना हुआ है - विवाद में कई प्रतिद्वंद्वी सिद्धांत हैं। 1,000 से अधिक लेखों की हालिया व्यापक समीक्षा में 20 से अधिक सैद्धांतिक खातों की पहचान की गई। डेविड चाल्मर्स जैसे दार्शनिकों का तर्क है कि कोई भी एक वैज्ञानिक सिद्धांत वास्तव में चेतना की व्याख्या नहीं कर सकता है। हम चेतना को आत्म जागरूकता सहित सन्निहित व्यक्तिपरक जागरूकता के रूप में परिभाषित करते हैं। इंटरलिया में प्रकाशित एक हालिया लेख में हम तर्क देते हैं कि इस दुर्दशा का एक कारण अंतर्ज्ञान द्वारा निभाई गई शक्तिशाली भूमिका है। हम अकेले नहीं हैं। सामाजिक वैज्ञानिक जेसी रीज़ एंथिस लिखती हैं, 'चेतना की मौलिक प्रकृति पर अधिकांश बहस अंतर्ज्ञान की उत्तेजना का रूप लेती है, जिसमें विभिन्न पक्ष अपने स्वयं के मजबूत अंतर्ज्ञान की सूचना देते हैं और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ करते हैं'।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

*सुप्रीम कोर्ट ने 23 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा*

# वेतन आयोग की सिफारिशों का पालन न करने पर 16 राज्यों के मुख्य सचिव, वित्त सचिव तलब

*शीर्ष कोर्ट ने एसएनजेपीसी की सिफारिशों का पालन न करने पर अप्रसन्नता जाहिर की*

**पीठ ने कहा-हम जानते हैं कि अनुपालन कैसे कराया जाता है।' राज्यों को सात मौके दिए गए, लेकिन पूर्ण अनुपालन नहीं हुआ**

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक अधिकारियों को पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की बकाया राशि के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों का पालन न करने पर बृहस्पतिवार को 16 राज्यों के मुख्य और वित्त सचिवों को तलब किया। एसएनजेपीसी की सिफारिशों का पालन न करने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, 'अब हम जानते हैं कि अनुपालन कैसे कराया जाता है।" पीठ ने कहा, ''हम उन्हें जेल नहीं भेज रहे हैं, लेकिन उन्हें यहीं रहने दीजिए, फिर हलफनामा दाखिल किया जाएगा। उन्हें अभी व्यक्तिगत रूप से पेश होने दीजिए।" इसने कहा कि हालांकि राज्यों को सात मौके दिए गए हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि पूर्ण अनुपालन नहीं हुआ है तथा कई राज्य अभी भी चूक कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''मुख्य सचिव और वित्त सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर न्यायालय अवमानना का मामला शुरू करने के लिए बाध्य होगा।" आदेश के अनुसार पीठ ने आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर, ओडिशा और राजस्थान के शीर्ष दो नौकरशाहों को 23 अगस्त को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह अब और समय नहीं बढ़ायेगी। न्यायालय ने पेश की गई दलीलों पर गौर करने तथा वकील के. परमेश्वर द्वारा उपलब्ध कराए गए नोट का अवलोकन करने के बाद आदेश पारित किया। परमेश्वर न्यायालय की सहायता न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने वर्तमान एवं सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों को मिलने वाले भत्तों पर राज्यों द्वारा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) का भी उल्लेख किया।



### इन राज्यों को तलब किया

आदेश के अनुसार पीठ ने आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर, ओडिशा और राजस्थान के शीर्ष दो नौकरशाहों को 23 अगस्त को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

### विभिन्न राज्यों की दलीलों को सुना

पीठ ने विभिन्न राज्यों द्वारा एसएनजेपीसी के अनुपालन पर दलीलों को सुना। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की दलीलों को खारिज कर दिया, जिन्होंने न्यायिक अधिकारियों को बकाया राशि और अन्य लाभों के भुगतान पर सिफारिशों के अनुपालन में कथित देरी के संबंध में एक और वर्ष का समय मांगा था। इसके अलावा, असम, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और केरल की दलीलों को भी खारिज कर दिया गया। पीठ ने इन राज्यों को 20 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट देने का निर्देश दिया और साथ ही इनके मुख्य सचिवों और वित्त सचिवों को 23 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा। न्यायालय ने असम की इस दलील को खारिज कर दिया कि आदेश को स्थगित कर दिया जाना चाहिए क्योंकि राज्य बड़े पैमाने पर बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहा है। पीठ ने दिल्ली की इस दलील को भी स्वीकार नहीं किया कि वह केंद्र की मंजूरी का इंतजार कर रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप केंद्र के साथ मिलकर इसे सुलझा लें।"

### एकरूपता की आवश्यकता पर बल दिया

देशभर के न्यायिक अधिकारियों की सेवा शर्तों में एकरूपता की आवश्यकता पर बल देते हुए उच्चतम न्यायालय ने 10 जनवरी को एसएनजेपीसी के अनुसार सेवानिवृत्ति लाभ, वेतन, पेंशन और अन्य आदेशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए प्रत्येक उच्च न्यायालय में दो-न्यायाधीशों की समिति के गठन का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि अन्य सेवाओं के अधिकारियों ने एक जनवरी, 2016 को अपनी सेवा शर्तों में संशोधन का लाभ उठाया है जबकि न्यायिक अधिकारियों से संबंधित ऐसे ही मुद्दे अब भी आठ साल से अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा था कि सेवा से सेवानिवृत्त हुए न्यायाधीश और जिन लोगों का निधन हो गया है, उनके परिवार के पेंशनभोगी भी समाधान का इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप


### पूर्व आईएएस मनीष बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

**पटना।** आरसीपी सिंह के जाने के बाद अगले नौकरशाह में रूप में पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को जनता दल यूनाईटेड में एंट्री के 48 घंटे के अंदर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले महीने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए राज्यसभा सांसद संजय झा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर वर्मा को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।



### संजय ने एमपी एमएलए कोर्ट में किया सरेंडर

**सुल्तानपुर।** आप नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सिंह की तरफ से पेश जमानत अर्जी पर सुनवाई की गई। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सिंह पर यह मामला बिना परमिशन जनसभा करने को लेकर था। पंचायत चुनाव में बिना अनुमति जनसभा करने पर केस दर्ज हुआ था।



### बच्चों में बढ़ती आत्महत्या से सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** भारत में बच्चों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति पर मुख्य न्यायधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि बच्चों द्वारा की जा रही आत्महत्या एक बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा है। इसको रोकने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह भारत में आत्महत्या की रोकथाम के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में कोर्ट को अवगत कराए। बच्चों के बीच बढ़ती आत्महत्या की प्रबृत्ति को रोकने की मांग लेकर एडवोकेट गौरव बंसल ने जनहित याचिका दाखिल की है। वकील गौरव बंसल ने कहा है कि दिल्ली पुलिस द्वारा दिए गए आरटीआई जवाबों के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 वर्ष से कम आयु के 400 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

## मुंबई हिट-एंड-रन : एक और खुलासा, पब मैनेजर ने लगाया आरोप

*रिकॉर्ड के अनुसार मिहिर 24 साल का है, जबकि शराब पीने की न्यूनतम कानूनी उम्र 25 वर्ष है*

# आरोपी ने गलत आईडी दिखाकर शराब पी, उम्र 24 की जगह 27 साल बताई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के वर्ली हिट-एंड-रन केस में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। जुहू के जिस पब में शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह ने एक्सीडेंट से पहले शराब पी थी, उसका दावा है कि वह गलत आईडी दिखाकर शराब पीने आया था। सूत्रों ने अनुसार, पब मैनेजमेंट ने आरोप लगाया कि मिहिर शाह ने उन्हें जो पहचान पत्र दिखाया, जिसमें उसकी उम्र 27 साल थी। उसके साथ तीन दोस्त भी आए थे, जिनकी उम्र 30 साल से अधिक है। पुलिस का दावा है कि ऑफिशियल रिकॉर्ड के अनुसार मिहिर 24 साल का है, जबकि शराब पीने की न्यूनतम कानूनी उम्र 25 वर्ष है। एक्साइज अधिकारियों के सूत्रों ने बताया पब के बिल से पता चला है कि मिहिर शाह और उसके दो दोस्तों ने उस दिन बार में व्हिस्की के 12 बड़े पैग ऑर्डर किए थे। यानी एक युवक ने लगभग चार पैग पिए थे। शराब की इतनी मात्रा किसी को आठ घंटे तक नशे में रख सकती है। मिहिर और उसके दोस्त शनिवार-रविवार को देर रात 1.30 बजे पब से निकले। रविवार को सुबह करीब 5:30 बजे मिहिर शाह ने बीएमडब्ल्यू कार से एक कपल को टक्कर मार दी। इसमें 45 साल की महिला कावेरी नखवा की मौत हो गई।

### *व्हिस्की के 12 बड़े पैग ऑर्डर किए*



### *महिला को घसीटा था 1.5 किमी तक*

आरोपी ने अपनी कार से महिला को करीब 1.5 किलोमीटर तक घसीटा था। मिहिर के साथ उसका ड्राइवर भी कार में था। वह ड्राइवर की बगल वाली सीट पर बैठा था। मुंबई पुलिस ने मिहिर शाह को मंगलवार (9 जुलाई) को हिट-एंड-रन केस के तीसरे दिन गिरफ्तार किया था। उसे 16 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। पुलिस ने बुधवार (10 जुलाई) को बताया कि मिहिर ने कबूला है कि हादसे के वक्त कार वही चला रहा था। कपल की स्कूटी को टक्कर मारने के बाद उसे पता था कि महिला कार की एक टायर में फंसी है। इसके बावजूद उसने कार नहीं रोकी और महिला को घसीट दिया।

### बाल-दाढ़ी कटवाकर पहचान छिपाने की कोशिश की

अधिकारी के अनुसार, बिंदु माधव ठाकरे चौक पार करने के बाद अन्य गाड़ी चालकों ने मिहिर शाह से कार रोकने के लिए कहा, लेकिन उसने उनकी बात नहीं सुनी और गाड़ी चलाना जारी रखा। वहां से भागने के बाद मिहिर शाह ने अपनी पहचान छिपाने के लिए बाल और दाढ़ी कटवा ली। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या किसी ने हुलिया बदलने में उसकी मदद की थी। आरोपी का दावा है कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस है, लेकिन अब तक लाइसेंस बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि मिहिर शाह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। उसने यह भी नहीं बताया कि बार से निकलने के बाद उसने गाड़ी कहां से चलाना शुरू किया और कब तक चलाई।

### आरोपी ने गर्लफ्रेंड को 40 फोन किए



सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद मिहिर ने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया था। उन्होंने ही उसे भागने के लिए कहा था। इसके बाद मिहिर ने डीएमडब्ल्यू कार और ड्राइवर को बांद्रा के कला नगर के पास छोड़ा। पकड़े न जाने के लिए उसने कार की नंबर प्लेट हटाई। कार छोड़ने के बाद वह रिक्शा लेकर गोरेगांव में अपनी गर्लफ्रेंड के घर गया। एक्सीडेंट से गर्लफ्रेंड के घर पहुंचने तक मिहिर ने 40 बार गर्लफ्रेंड से फोन पर बात की। महिरि गर्लफ्रेंड के घर 2 घंटे रुका। इस दौरान गर्लफ्रेंड ने मिहिर की बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी।इसके बाद मिहिर की बहन उसकी गर्लफ्रेंड के घर आई और भाई को लेकर बोरीवली स्थित अपने घर चली गई। वहां से राजेश शाह की पत्नी मीना और दोनों बेटियां (पूजा और किंजल) मिहिर शाह और उसके दोस्त अवदीप को लेकर मुंबई से करीब 70 किमी दूर शाहपुर में एक रिजॉर्ट के लिए रवाना हुए। पुलिस ने कहा है कि मिहिर की गर्लफ्रेंड से भी पूछताछ हो सकती है।

### दोस्त का मोबाइल ट्रैक कर मिहिर को पकड़ा

इधर, पुलिस मिहिर शाह, उसके परिवार, गर्लफ्रेंड और करीबी दोस्तों के फोन लगातार ट्रैक कर रही थी। हालांकि, सबके फोन स्विच ऑफ थे। इसी बीच सोमवार की रात मिहिर अपने दोस्त के साथ विरार आया। विरार में उसके दोस्त का घर है। मंगलवार की सुबह उसके दोस्त ने 15 मिनट के लिए अपना फोन चालू किया। इसी बीच पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई और मिहिर शाह गिरफ्तार हो गया। इसके बाद पुलिस ने रिजॉर्ट से उसकी मां और बहनों को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि राजेश शाह का परिवार फैमिली कार सहित दो गाड़ियों में रिजॉर्ट गए थे। सबने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए थे और उनके घर पर भी ताला लगा हुआ था। मिहिर को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने 11 टीमें बनाई थीं। क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया गया था। उसके खिलाफ एक लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया था।

## राहुल गांधी ने उठाई मांग

### मणिपुर आज भी बंटा हुआ है, प्रधानमंत्री राज्य का दौरा कर शांति की अपील करें

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ''मणिपुर की स्थिति में आज भी सुधार नहीं हुआ है और वह दो टुकड़ों में बंटा हुआ है", ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्य का दौरा कर लोगों की तकलीफ सुननी चाहिए और शांति की अपील करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल मणिपुर में शांति की ज़रूरत को संसद में पूरी शक्ति के साथ उठाकर, सरकार पर इस त्रासदी को खत्म करने का दबाव बनाएंगे।



राहुल गांधी ने गत सोमवार को मणिपुर का दौरा कर हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की थी। उन्होंने अपने इस दौरे का एक वीडियो बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में मणिपुर का मुद्दा उठाएंगे।

### बाजार : सेंसेक्स में 27 अंक की मामूली गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 50 रुपये मजबूत, चांदी 100 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को सोना 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 100 रुपये की तेजी के साथ 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। संघ ने कहा कि सर्राफा बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 रुपये बढ़कर 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

## मिलकर काम करने की जरूरत

### महिलाएं परिवार नियोजन के विकल्प तय करने में सक्षम होनी चाहिए : नड्डा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'विकसित भारत' का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब भारत के परिवारों का स्वास्थ्य अच्छा बना रहे और यह लक्ष्य छोटे परिवारों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर काम करने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं परिवार नियोजन के विकल्प तय करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें और उन पर अनचाहे गर्भधारण का बोझ न पड़े। 'विश्व जनसंख्या दिवस' के अवसर पर नड्डा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ डिजिटल बैठक की। कार्यक्रम की विषय-वस्तु "मां और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण का उचित समय और अंतराल" थी। मंत्री ने कहा कि विकल्प के तौर पर आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गर्भनिरोधकों को उपलब्ध कराने के रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर किया जाए, विशेष रूप से अधिक (जनसंख्या) बोझ वाले राज्यों, जिलों और प्रखंडों में।



### भाजपा और मीडिया का एक वर्ग पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहा : ममता

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल में उत्तर 24 परगना जिले के अरियादाह में हुई भीड़ के हमले की घटना को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा और मीडिया के एक वर्ग पर राज्य की छवि खराब करने का आरोप लगाया। कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि दो साल पुरानी जिस घटना का वीडियो वायरल हुआ है, वह उस समय हुई थी जब अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद थे। उन्होंने टीवी चैनलों के एक वर्ग पर बुधवार के उपचुनाव से पहले भाजपा के इशारे पर वह पुराना वीडियो बार बार दिखाने का आरोप लगाया।



## 23 जुलाई को आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री सीतारमण

# मोदी ने नीति आयोग, अर्थशास्त्रियों संग मंथन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम बजट आने में 12 दिन बचे हैं और इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे लेकर महामंथन किया। पीएम मोदी की नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों के साथ दिल्ली के नीति आयोग में बजट को लेकर बैठक हुई। 23 जुलाई को आम बजट पेश किया जाएगा और वित्त मंत्री वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खर्चों और कमाई का लेखा-जोखा संसद के पटल पर रखेंगी। बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो जाएगा। निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरवरी में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।

### *बजट पर बैठकों का दौर, विचार-सुझाव लिए जा रहे*



**बजट को लेकर ये बैठक अहम**

*मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को लेकर ये बैठक बहुत अहम मानी जा रही है। वित्तमंत्री सीतारमण इस बजट में विकसित भारत के लिए रोडमैप पेश कर सकती हैं।*

**नीति आयोग वित्त मंत्रालय भी रहे शामिल**

पीएम मोदी ने बजट के लिए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों से मुलाकात करकउनके विचार और सुझाव जाने। आम बजट को फाइनल टच देने की दिशा में ये अहम कड़ी है। प्रधानमंत्री के साथ बैठक में नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ कैबिनेट सचिव भी शामिल रहे।






खबर संक्षेप

## कठुआ मुठभेड़: सुरक्षाबलों का तलाश अभियान तेज



**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला करने के जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कठुआ-उधमपुर-डोडा इलाके के घने जंगलों में जारी तलाश अभियान बृहस्पतिवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया और सुरक्षाबलों ने इस अभियान को तेज करते हुए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया। आतंकवादियों द्वारा सोमवार को किए गए हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

## अंतरिक्ष से जुलाई के अंत में वापस आएंगी सुनीता

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अब भी फंसे हुए हैं। दरअसल विलियम्स और विल्मोर को 13 जून तक धरती पर वापस आ जाना था लेकिन स्पेसशिप में खराबी आने की वजह से दोनों अंतरिक्ष में फंस गए हैं।



## भारत-अमेरिका एक दूसरे के साथ भविष्य देखते हैं: गार्सेटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में "कोई भी युद्ध अब किसी से दूर नहीं है।" गार्सेटी ने इस बात पर जोर दिया कि देशों को न सिर्फ शांति के लिए खड़ा होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम भी उठाने चाहिए कि जो लोग शांतिपूर्ण तरीके से काम नहीं करते, उनकी युद्ध मशीनें बे रोकटोक जारी नहीं रहें।" राजदूत ने कहा कि और यही बात अमेरिका और भारत दोनों को मिलकर जानने की जरूरत है।"

## सऊदी एयरलाइंस के प्लेन में आग लगी

**पेशावर(एजेंसी)।** सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट में पाकिस्तान के पेशावर एयरपोर्ट पर गुरुवार को आग लग गई। इसमें 10 लोग जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब विमान लैंड कर रहा था। यात्रियों और केबिन क्रू के सभी सदस्यों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। फ्लाइट रियाद से पेशावर आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक लैंडिंग गियर में कुछ खराबी के चलते ये हादसा हुआ। हालांकि अब तक आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### राजनीति : आज संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे प्रधानमंत्री

# प्रचंड के खिलाफ मतदान को एनसी और सीपीएन-यूएमएल ने जारी किया व्हिप

भाषा ▶▶ काठमांडू

संकटग्रस्त नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' शुक्रवार को संसद में विश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे। इससे एक दिन पहले बृहस्पतिवार को उनकी मुश्किलों को और बढ़ाते हुए नेपाली कांग्रेस (नेकां) और 'सीपीएन-यूएमएल' ने अपने सांसदों को व्हिप जारी कर उनके खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया। सत्तारूढ़ गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी के पी शर्मा ओली नीत 'सीपीएन-यूएमएल' ने पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता साझेदारी संबंधी समझौता किया था। माना जा रहा है कि दाहाल विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएंगे।'माइ रिपब्लिका' अखबार की खबर के मुताबिक नेपाली कांग्रेस ने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित होने और प्रचंड के विश्वासमत प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, 'सीपीएन-यूएमएल' ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी कर विश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने को कहा है। नेकां और सीपीएन-यूएमएल का यह संयुक्त प्रयास प्रचंड नीत सरकार को अपदस्थ करने और संघीय और प्रांतों के स्तर पर अपनी सरकार बनाने के लिए है।

## नेपाल में 16 साल में 13 सरकार बनीं



*सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट और सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें*

**प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए**

### 'सीपीएन-यूएमएल' ने प्रचंड से इस्तीफा देने की मांग की थी

'सीपीएन-यूएमएल' अध्यक्ष ओली ने नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा से बुधवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक का उद्देश्य नेकां और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत माओवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) गठबंधन के बाद आगे की रणनीति और नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर चर्चा करना था। काठमांडू के बाहरी इलाके बूढ़ानीलकंठ में देउबा के आवास पर हुई दो घंटे की बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने ओली के नेतृत्व वाले नए गठबंधन के पक्ष में हस्ताक्षर लेने और इसे राष्ट्रपति को सौंपने जैसे मामलों पर चर्चा की। सीपीएन-यूएमएल के सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने नई सरकार बनाने और ओली के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति की सरकार बनाने के लिए छोटे दलों को आमंत्रित करने पर चर्चा की।

### नेपाल की 275 सदस्यीय सभा

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास फिलहाल 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। निचले सदन में 138 सीटों के बहुमत के मुकाबले दोनों दलों के पास कुल 167 सदस्य हैं। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माउइस्ट सेंटर) के पास 32 सीट हैं। प्रचंड को अपनी सरकार बचाने के लिए सदन में 138 सदस्यों का समर्थन चाहिए।

### भारत से घनिष्ठ संबंध रखे बिना प्रगति नहीं कर सकते: सीपीएन-यूएमएल

नेपाल की सीपीएन-यूएमएल पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चारों तरफ से जमीन से घिरा हिमालयी राष्ट्र भारत के साथ घनिष्ठ मित्रतापूर्ण संबंध कायम रखकर ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है। इसने कहा कि नेपाली धरती से भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी संसद में विश्वासमत की पूर्व संध्या पर आई। माना जा रहा है कि विश्वासमत के बाद ओली राजनीतिक रूप से अस्थिर देश के फिर पीएम बन सकते हैं। विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख व सीपीएन-यूएमएल की स्थायी समिति के सदस्य डॉ राजन भट्टाराई ने कहा कि'सीपीएन-यूएमएल यह नहीं मानती कि भारत विरोधी नीति अपनाकर नेपाल प्रगति कर सकता है।

# डीयू में नहीं पढ़ाई जाएगी मनुस्मृति

### कुलपति ने प्रस्ताव को किया खारिज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)ने लॉ फैकल्टी के उस प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया है, जिसमें मनुस्मृति को पढ़ाए जाने की बात कही गई थी। डीयू के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने बताया कि विवि में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया गया है। दरअसल डीयू की लॉ फैकल्टी ने तीसरे साल के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाए जाने के लिए सिलेबस में संशोधन का प्रस्ताव दिया था। इस पर शुक्रवार को होने वाली अकादमिक परिषद की बैठक में चर्चा की जानी थी। हालांकि प्रस्ताव दिए जाने के बाद से इसका विरोध शुरू हो गया था। डीयू के टीचरों ने कुलपति को पत्र लिखकर भी इस पर आपत्ति जताई थी।

### ये होने थे संशोधन

डीयू की लॉ फैकल्टी की ओर से जो प्रस्ताव दिया गया था उसके मुताबकि न्यायशात्र के सिलेबल में बदलाव किया जाना था। मनुस्मृति के दो अध्याय मेधा तिथि के मनुभाष्य के साथ मनुस्मृति और मनुस्मृति पर टिप्पणी स्मृति चंद्रिका को शामिल किए जाना था। 24 जून को फैकल्टी की पाठ्यक्रम समिति ने सर्वसम्मति से मुहर लगा दी थी। इसे अकादमिक परिषद के पास भेज दिया था।

### विरोध में टीचर्स थे

मनुस्मृति को पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का शिक्षकों ने विरोध किया था। वाम समर्पित सोशल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट ने कुलपति को इस संबंध में पत्र भी लिखा था और इसे प्रोग्रेसिव एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ बताया था। कुलपति को महासचिव और अध्यक्ष सागर ने पत्र लिखा था।

## हाथरस भगदड़: उच्चतम न्यायालय में आज सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय हाथरस में हुई भगदड़ की जांच की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। भगदड़ में 121 की मौत हो गई थी। याचिका में दो जुलाई की भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की मांग की गई है। सुको की वेबसाइट पर 12 जुलाई के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, याचिका पर सुनवाई प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष होगी।

### 12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक आयोजन

## वायुसेना का दल युद्धाभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच ऑस्ट्रेलिया में शुक्रवार से बहुराष्ट्रीय पिच ब्लैक-2024 युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। इसमें भाग लेने के लिए भारतीय वायुसेना का एक दल गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के डार्विन वायुसैन्य अड्डे पर पहुंचा। वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष यह द्विवार्षिक युद्धाभ्यास 12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना करेगी। पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में दुनिया के 20 देशों की वायुसेनाओं के 140 विमान और 4 हजार 400 सैन्यकर्मी भाग लेंगे।

### बढ़ेगा अंतरराष्ट्रीय सहयोग

युद्धाभ्यास की समयावधि बीते 43 वर्षों के इसके इतिहास में सबसे ज्यादा होगी। इसमें मुख्यत: अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर खासा जोर दिया जाएगा। भारतीय वायुसेना के चार सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में शामिल होंगे। ग्रिपन और टाइफून के लड़ाकू विमान जैसे एफ-35, एफ-22, एफ-18 और एफ-15 भी इसका हिस्ससा बनेंगे।

### विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय बिम्सटेक सम्मेलन

## सुरक्षा-व्यापार में सहयोग बढ़ाने पर होगा फोकस: एस जयशंकर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन की आज शुरुआत हुई नई दिल्ली में 11-12 जुलाई को आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन की अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। इस सम्मेलन के लिए श्रीलंका के विदेश मंत्री थराका बालासूर्या गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचे। वहीं बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन महमूद दोपहर में दिल्ली पहुंचे। बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का यह दूसरा सम्मेलन है।

**सदस्य देशों से बढ़ाएंगे संपर्क:** विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'सम्मेलन में बिम्सटेक के विदेश मंत्री आपसी सहयोग बढ़ाने, सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और निवेश के साथ ही सदस्य देशों को लोगों से संपर्क बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

### लाल सागर बचाव मिशन में साहस व समुद्र में बहादुरी के लिए मिलेगा सम्मान

## भारतीय जहाज के कैप्टन व चालक दल को अवार्ड

- लंदन में समुद्री सुरक्षा समिति के 109वें सत्र के दौरान प्रस्तावित वार्षिक समारोह में पुरस्कृत करेंगे

**लंदन (भाषा)।** तेल टैंकर के कैप्टन अभिलाष रावत और उनके चालक दल को लाल सागर बचाव मिशन में उनके साहस और समुद्र में बहादुरी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) 2024 पुरस्कार विजेता के लिए नामित किया गया है। अग्निशमन और क्षति नियंत्रण प्रयासों के समन्वय के दौरान दृढ़ संकल्प और धीरज का प्रदर्शन करने पर आईएमओ ने रावत और उनके चालक दल को 2024 के लिए विजेता घोषित किया। हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई जहाज-रोधी मिसाइल के उनके जहाज 'मार्लिन लुआंडा' पर गिरने से आग लग गई थी। नौसेना के जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम के कैप्टन बृजेश नांबियार और चालक दल को भी संकट के समय तेल टैंकर की सहायता करने को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया है। कैप्टन रावत और उनके चालक दल तथा कैप्टन जॉर्ज फर्नांडो गैलाविज फूएंटेस और टगबोट पेमेक्स माया के चालक दल को मार्शल द्वीप समूह ने पुरस्कार के लिए नामित किया। ये लोग दो दिसंबर को लंदन में आईएमओ मुख्यालय में समुद्री सुरक्षा समिति सत्र में पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

## एआईपी तकनीक से लैस पनडुब्बियां बनाएगा भारत

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर चीन-पाकिस्तान से मिल रही युद्ध की साझा चुनौती के बीच भारतीय नौसेना के लिए एक अच्छी खबर है। इसमें प्रोजेक्ट-75 (इंडिया) के तहत किसी विदेशी सामरिक भागीदार की मदद से एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सस्टिम (एआईपी) और फ्यूल सेल से लैस 6 डीजल इलेक्ट्रिक हमलावर पनडुब्बियों के स्वदेश में नर्माण करने की प्रक्रिया त्वरित गति से जारी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि नौसेना द्वारा परियोजना के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के बाद सामने आई रक्षा क्षेत्र की दो भारतीय कंपनियों लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) ने अपने चयनित विदेशी सामरिक भागीदारों (क्रमशः स्पेन के नवांतिया, जर्मन शिपबल्डिर टीकेएमएस) के साथ मौजूदा उत्पाद परीक्षण के दो महत्वपूर्ण चरण पूरे कर लिए हैं। अब इसका तीसरा और अंतिम चरण जारी है। इसके बाद समझौते पर हस्ताक्षर से जुड़ी प्रक्रिया की शुरुआत होगी।

### अंतिम परीक्षण में लगेंगे 60 से 90 दिन

सूत्रों ने बताया कि दोनों कंपनियों ने शुरुआती तकनीकी आकलन परीक्षण के बाद इसी साल जून के अंत और जुलाई के पहले सप्ताह में फील्ड परीक्षण पूरे किए हैं। अंतिम स्टॉफ आकलन परीक्षण को पूरा करने में दो से तीन महीने का समय लगेगा। इसके बाद समझौता तैयार कर उस पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## डीआरडीओ ने सात रक्षा परियोजनाएं निजी क्षेत्र की कंपनियों को सौंपी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के प्रमुख रक्षा अनुसंधान संगठन डीआरडीओ ने पानी के भीतर प्रक्षेपित किए जाने वाले मानव रहित वाहन और लंबी दूरी की दूर से संचालित प्रणालियों सहित प्रमुख सैन्य परिसंपत्तियों के विकास के लिए निजी संस्थाओं को सात नई परियोजनाएं सौंपी हैं। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के वास्ते रक्षा मंत्रालय की प्रौद्योगिकी विकास फंड योजना के तहत ये परियोजनाएं निजी क्षेत्र के लिए मंजूर की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पानी के नीचे से प्रक्षेपित किये जाने वाले मानवरहित यान की परियोजना का लक्ष्य ऐसे बहुमुखी समुद्री रणक्षेत्र सहायक उपकरणों का विकास करना है, जिन्हें विभिन्न लड़ाकू भूमिकाओं में तैनात किया जा सके ।

'जमानत के लिए पहले पासपोर्ट बनवाओ...'

# सेशन कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट हैरान, जताई नाराजगी

### आरोपी के पास पासपोर्ट नहीं था, उसे 4 महीने का वक्त दिया गया

भाषा ▶▶ मुंबई

गोवा की एक सत्र अदालत ने एक आरोपी को ज़मानत देते हुए शर्त लगायी कि वह अपना पासपोर्ट जमा कराए लेकिन उसके पास पासपोर्ट था ही नहीं। निचली अदालत के इस तरह के आदेश पर बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने हैरानी जताई। एकल पीठ के न्यायमूर्ति भरत देशपांडे ने नौ जुलाई को आरोपी की ज़मानत की शर्तों में सुधार करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सत्र अदालत ने अजीब तरीका अपनाया और आरोपी को चार महीने के भीतर अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि इस तरह के आदेश से सत्र अदालत स्पष्ट रूप से आरोपी को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने और फिर उसे जमा करने का आदेश दे रही है। न्यायमूर्ति देशपांडे ने सवाल किया कि क्या अदालत यह उम्मीद कर रही है कि आरोपी पहले पासपोर्ट के लिए आवेदन करेगा, उसे हासिल करेगा और फिर जेल से रिहा होने से पहले उसे पुलिस के पास जमा करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा, ₹जमानत के लिए (पासपोर्ट जमा करने की) शर्त लगाते समय सत्र अदालत के पास किसी व्यक्ति को पासपोर्ट के लिए आवेदन करने, उसे प्राप्त करने और फिर उसे जमा करने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहाकि पहले असामान्य शर्त लगाई और उसके बाद उसे संशोधित नहीं किया गया, उससे स्पष्ट है कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया है।

### पासपोर्ट की शर्त खारिज की

पीठ ने आरोपी को पासपोर्ट जमा कराने की शर्त को खारिज कर दिया। अदालत 18 वर्षीय युवक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी है। उसे अप्रैल 2024 में गोवा में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसी महीने सत्र अदालत ने उसे 50,000 मुचलके पर जमानत दे दी थी, कुछ अन्य शर्तें लगाई थीं, जैसे पुलिस के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराना और अदालत में पासपोर्ट जमा कराना। युवक ने अपनी याचिका में कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं होने की बात सत्र अदालत के समक्ष रखी गई थी, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया। आरोपी ने सत्र अदालत में आवेदन दायर कर जमानत की शर्त में संशोधन की मांग की। सत्र अदालत ने शर्त को चार महीने के लिए निलंबित कर दिया और आरोपी को तब तक पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया।



## ब्रिटेन: भारतीय मूल की सांसद ने भगवतगीता पर हाथ रख कर ली शपथ

**लंदन(एजेंसी)।** भारतीय मूल की 29 वर्षीय ब्रिटिश सांसद शिवानी राजा ने ब्रिटेन की संसद में श्रीमद् भगवद् गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। शिवानी राजा गुजराती व्यवसायी हैं। शिवानी ने लीसेस्टर ईस्ट सीट पर कंजर्वेटिव पार्टी के लिए ऐतिहासिक जीत हासिल की। इनके जीतने के बाद इस निर्वाचन क्षेत्र में लेबर पार्टी का 37 साल का वर्चस्व खत्म हो गया। वह भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रही थीं।

ब्रिटेन की सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद शिवानी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज संसद में शपथ लेना सम्मान की बात है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25